53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 26.7°c अधिकतम 30.0°c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:40, सूर्यास्त - 7:09 | वर्ष : 53/अंक : 214 | सोमवार, 04 अगस्त 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, दशमी | सम्वत् 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

भलाई रह जाती है, इसके अतिरिक्त सब वस्तुएं नष्ट हो जाती हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

सपा की सरकार के समय बाढ़ राहत का पैसा सपाई गुंडे खा जाते थे, जनता ये भूली नहीं है : केशव प्रसाद मौर्य



उस समय सरकार क्या करती थी?......

# ऊर्जा मंत्री कर रहे 2000 की रिश्वत पर ही पत्ता साफ, यहां जेई डकार गए पूरे 17000

## ▶▶ सुजड़ू बिजलीघर के जेई ज्ञानी प्रसाद ने दिया ज्ञान, 32000 रुपये लेकर बोले - रसीद तो 14828 की ही मिलेगी

**मुजफ्फरनगर, 3 अगस्त (बु.)।** एक ओर जहां लगातार ऊर्जा मंत्री विद्युत विभाग की साख बनाने में लगे हैं, वहीं विद्युत विभाग के कई कर्मचारी जमकर सरकार को पलीता लगाने में लगे हुए हैं। हालांकि यह कोई नई बात नहीं है। पिछले चार दिनों से लगातार भ्रष्टाचार की पोल खोली जा रही है। इसी क्रम में अब सुनिए कि विद्युत विभाग के जेई पद पर पदासीन ज्ञानी प्रसाद द्वारा किस तरह से मात्र 3 किलोवाट का कनेक्शन लेने पर रसीद तो 14 हजार 828 रुपये की दी गयी मगर 35 हजार रुपये का सौदा 32 हजार रुपये में किस तरह से किया जाता है। जैसा कि आपने नाम पढ़ा कि जेई का नाम ही ज्ञानी प्रसाद है तो वे उपभोक्ताओं में जमकर अपने ज्ञान का प्रसाद बांट रहे हैं और उन्होंने एक उपभोक्ता जिन्होंने वहलना में अपना कनेक्शन विभाग से मांगा है, पहले तो छह महीने तक उन्हें चक्कर कटाए गए, जब उपभोक्ता दीपक कुमार को कुछ हाथ नहीं लगा तो उपभोक्ता को एक प्राइवेट व्यक्ति ने बताया कि भाई तुम कितने सीधे-सादे ढंग से अपना कनेक्शन मांग रहे हो, सीधा जेई ज्ञानी प्रसाद के पास जाओ, टेबल के नीचे से पैसा सरकाओ और फटाफट अपना काम करा लो। जैसा उस व्यक्ति ने कहा, थक-हारकर दीपक कुमार ने ऐसा ही किया। वास्तव में प्राइवेट आदमी के द्वारा दिया गया वह मंत्र काम भी कर गया। एक माह के अंदर-अंदर कनेक्शन देने की बात हो गयी और जेई ने बताया कि 26 हजार रुपये की तो रसीद दी जाएगी और 6 हजार रुपये आप समझ सकते हो, किस बात के होंगे। खैर 32 हजार रुपये में बात तय हो जाने के बाद दीपक कुमार ने अपनी पत्नी ममता के नाम से कनेक्शन करा लिया और इस कनेक्शन की रसीद आई मात्र 14,828 रुपये। इस पर दीपक कुमार ने जेई से बात की, जिसे आप बुलेटिन सोशल मीडिया पर सुन भी सकते हो। जेई साहब कह रहे हैं कि इस तरह की बातें फोन पर मत करो, मेरे ऑफिस में आना, एक-एक पैसे का हिसाब दूंगा। इस पर दीपक कुमार ऑफिस पहुंच गए और जब जेई से बात की तो उन्होंने सारे हिसाब का खाका उन्हें जो बताया, वह वास्तव में हैरान कर देने वाला है। जेई ने बताया तुम क्या समझ रहे हो कि ये पैसे सिर्फ मेरी जेब में जा रहे हैं। 6 हजार रुपये का हिस्सा इसमें एक्सईएन का, 5-6 हजार रुपये लेबर और 5-6 मेरे। लो हो गया हिसाब चुकता। इतना ही नहीं जेई ने अपने साथ बैठे एक व्यक्ति से पुछवाया और यह दर्शाने की कोशिश की कि तुम्हारा काम 32 हजार में कम से कम हो गया है, इनसे पूछो लेबर इनका काम पैसा लेकर भी करके देने को तैयार नहीं है। यह ज्ञान सुनने के बाद पीड़ित दीपक कुमार उठकर वापस आ जाते हैं और अपनी पूरी पीड़ा बुलेटिन कार्यालय पर आकर बताते हैं। पीड़ा सुनने के बाद जेई महोदय के कृत्य का सोशल मीडिया पर एक पोस्ट चलता है तो उसका हर्जाना भी पीड़ित को भुगतना पड़ता है। पोस्ट चलने के एक घंटे बाद ट्रांसफॉर्मर से पीड़ित का कनेक्शन ही हटा दिया जाता है। बस इन्हीं बातों से अंदाजा लगा लीजिये कि इस सरकार में जेई भी ऐसे दर्शा रहे हैं जैसे वे बड़े अधिकारी बनकर बैठ गए हों और उनका कुछ उखड़ना तो है नहीं, इसलिए वे चाहें तो मिनटों में कनेक्शन लगा दें, बस उन्हें ऊपर की आमदनी का पूरा भरोसा दिला देना चाहिए। समाचार लिखे जाने तक बुलेटिन द्वारा ट्रांसफॉर्मर से हटे तारों की वीडियो बनवा ली गयी और विभाग का पूरा चिट्ठा खोल दिया गया।




### खुद अपनी आंखों से देखिए कि किस तरह से रिश्वत पर भी जोड़ी गयी 18 प्रतिशत की जीएसटी

**मुजफ्फरनगर, 3 अगस्त (बु.)।** पूरे साक्षात्कार के साथ बुलेटिन जेई द्वारा दिया गया पूरा एस्टीमेट का पर्चा सार्वजनिक कर रहा है। इसे सार्वजनिक करने के साथ-साथ बुलेटिन सोशल मीडिया पर यह ऑडियो भी बखूबी सुन सकते हैं कि जेई किस तरह से मोबाइल पर ये सब बातें करने को मना कर रहे हैं और मोबाइल पर बात करने से वही मना करता है, जिसके मन में चोर हो। बड़ी बात यह है कि जेई महोदय ने टोटल एस्टीमेट लेकर यानि लेबर चार्ज में भी और अपने सुविधा शुल्क पर भी 18 प्रतिशत जीएसटी जोड़े हुए हैं। शायद यह भी अपने आपमें एक इतिहास बनेगा कि सरकारी बिल पर तो 18 प्रतिशत चार्ज वाजिब बनता है, मगर रिश्वत पर भी 18 प्रतिशत जीएसटी भी उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में ही ली जाती है।

### ऊर्जा मंत्री 2000 रिश्वत लेने पर ही कर रहे हैं सस्पेंड, अब यहां के मंत्री 17000 रिश्वत लेने वाले जेई का क्या कर पाएंगे

**मुजफ्फरनगर, 3 अगस्त (बु.)।** जैसा कि आए दिन उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा विभिन्न जनपदों में घूमकर खुद विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों की पोल खोल रहे हैं और जनता उनके सामने खुलकर बता रही है कि मीटर लगाने के नाम पर भी 2000 रुपये रिश्वत ली जा रही है। ऊर्जा मंत्री तो 2000 रिश्वत लेने वाले को हाथोंहाथ सस्पेंड कर रहे हैं, मगर अब देखना यह होगा कि मुजफ्फरनगर के मंत्री, जिलाध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ सम्मानित भाजपाई लगभग 17000 रुपये ज्ञान बांटकर डकार जाने वाले जेई ज्ञानी प्रसाद का क्या कर पाएंगे, या उनका ज्ञान सुनकर खामोशी से बैठ जाएंगे।

### क्या मंत्रियों से भी ऊपर अपने को दर्शाने के लिए काट दिया गया शिकायत होते ही ममता का बिजली कनेक्शन

**मुजफ्फरनगर, 3 अगस्त (बु.)।** जैसे ही जेई ज्ञानी प्रसाद को उनके विश्वसनीय सूत्रों ने बताया कि शायद कल मुजफ्फरनगर बुलेटिन में आप ही के द्वारा दिये गए कनेक्शन की भ्रष्टाचार की पोल खुलने जा रही है, तो तुरन्त ममता शर्मा के विद्युत कनेक्शन ट्रांसफॉर्मर से काट दिये गए। ऐसे में यह बात तस्वीर साफ हो गयी कि ऊर्जा मंत्री से तो क्या यहां के भी किसी मंत्री का भी उन्हें डर नहीं है। यदि जरा सा भी डर होता तो उपभोक्ता को तुरन्त कॉल जाती और जो भी ऊपर का पैसा होता, वह बाइज्जत लौटा दिया जाता, मगर कनेक्शन कटने से साफ जाहिर है कि उत्तर प्रदेश सरकार में जेई भी मंत्री का खौफ नहीं खाते और बड़े धड़ल्ले से रिश्वत लेने के बाद कनेक्शन काटकर आ जाते हैं। अब देखना यह होगा कि मंत्री के सामने जेई अपनी सफाई क्या रखते हैं, और किस तरह अपना बचाव करते हैं। हालांकि उक्त पूरे प्रकरण में ऑडियो सहित कागजों के साक्ष्य होने के कारण जेई का बचना मुश्किल है मगर पता नहीं कब किसकी कृपा जेई पर हो जाए और जेई बच जाए।

# शिव के दर्शन करने जा रहे थे, काल आया और पूरा परिवार हो गया खत्म

## गोंडा में बोलेरो नहर में गिरी, 11 की मौत, गाड़ी में छटपटाते रहे, बाहर नहीं निकल पाए

**गोंडा, 3 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के गोंडा में तेज रफ्तार बोलेरो रविवार सुबह 10 बजे सरयू नहर में गिर गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें तीन भाइयों के परिवार के 9 लोग थे, जबकि दो पड़ोसी परिवार के थे। छोटे भाई का पूरा परिवार ही खत्म हो गया। ड्राइवर समेत 4 लोग बच गए। अभी 10 साल की बच्ची लापता है। एसडीआरफ टीम उसकी तलाश में जुटी हुई है। बोलेरो सवार 16 लोग जल चढ़ाने पृथ्वीनाथ मंदिर जा रहे थे। सभी गोंडा के मोतीगंज थाना के सीहा गांव के रहने वाले थे। हादसा इतना भयावह था कि गाड़ी नहर में गिरने के बाद एक भी शख्स बाहर नहीं निकल पाया। बारिश के चलते नहर में लबालब पानी था। नहर में गिरते ही गाड़ी पूरी तरह से डूब गई। उसके गेट लॉक हो गए। अंदर बैठे लोग छटपटाते रहे। तड़प-तड़पकर उनकी मौत हो गई। स्पीड तेज और बारिश होने की वजह से गाड़ी अनियंत्रित होकर नहर में गिरने लगी, तो ड्राइवर गेट खोलकर कूद गया। आगे की सीट पर बैठे दो लोग भी बाहर आ गए, जबकि बच्ची पिंकी बीच में खड़ी थी, झटके से वह भी ड्राइवर साइड के गेट से बाहर आ गई। इसके बाद बोलरो नहर में गिर गई।



## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुआवजे का किया ऐलान



**गोंडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोंडा जिले में हुए दर्दनाक सड़क हादसे पर संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और पीड़ित परिवारों को 5-5 लाख रुपये मुआवजा देने के निर्देश दिए। इस दुर्घटना में 11 लोगों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के जरिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक पोस्ट में कहा, "जनपद गोंडा में दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है।

## पहरा देते समय दो भाईयों में मजाक में चाकूबाजी में तहेरे भाई की मौत

**जानसठ, 03 अगस्त (बु.)।** क्षेत्र के गांव भलेड़ी में बदमाशों की अफवाह को लेकर शुक्रवार की रात्रि को ग्रामीण अपने घरों की सुरक्षा को लेकर पहरा दे रहे थे। रात्रि में एक ही परिवार के तहेरे भाई और चचेरे भाई भी पहरा देने लगे। इस दौरान हाथ में लिए चाकू को लेकर दोनों भाईयों में आपस में मजाक होने लगी। चचेरे भाई के हाथ में स्प्रिंग लगा चाकू खुलने से वह तहेरे भाई विपिन की पेट में लग गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। रविवार को जनपद के अस्पताल में उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक विपिन का पिता सुधीर सैनी जानसठ थाने पर होमगार्ड के रूप में तैनात है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पत्नी ने हत्या की तहरीर दी है। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव भलेड़ी में रात के समय बदमाशों की अफवाहों को लेकर ग्रामीण पहरा दे रहे हैं। शुक्रवार की रात्रि को बदमाशों के आने की सूचना को लेकर ग्रामीण पहरा दे रहे थे। इस दौरान गांव के रहने वाले एक ही परिवार के तहेरे भाई लगभग 32 वर्षीय विपिन पुत्र प्रकाश व चचेरा भाई मोनू पुत्र सुधीर भी पहरा देने लगे। पहरा देने के दौरान मोनू के हाथ में स्प्रिंग वाला चाकू था। पहरा देते हुए तहेरे और चचेरे भाई आपस में मजाक करने लगे। अचानक मोनू के हाथ से स्प्रिंग का चाकू खुल गया, जिससे चाकू तहेरे भाई विपिन के पेट में लग गया। चाकू लगने से विपिन गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीण रात्रि में ही घायल विपिन को कस्बे में चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचे। हालत बिगड़ने पर स्वजन विपिन को जनपद के अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां पर रविवार की सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका की पत्नी प्रीति ने हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।



बाह्यस्पर्शेष्वसक्तात्मा विन्दत्यात्मनि यत्सुखम्।
स ब्रह्मयोगयुक्तात्मा सुखमक्षयमश्नुते॥
( श्रीमद्भगवद्गीता, कर्मसंन्यासयोग-अध्याय ५ श्लोक २१ )
( बाहरके विषयोंमें आसक्तिरहित अन्त:करणवाला साधक आत्मामें स्थित जो ध्यानजनित सात्त्विक आनन्द है, उसको प्राप्त होता है; तदनन्तर वह सच्चिदानन्दघन परब्रह्म परमात्माके ध्यानरूप योगमें अभिन्नभावसे स्थित पुरुष अक्षय आनन्दका अनुभव करता है।)
गुणातीत कर्मयोगी तथा हमारे प्रेरणास्रोत
स्वर्गीय लाला हरबंस लाल गोयल



(103वीं वर्षगाँठ)
(04 अगस्त 1922 — 23 नवम्बर 2012)
आपके सिद्धान्त, नीति एवं पदचिह्न ही हमारे आदर्श हैं।
दिनांक — 04.08.2025, पुष्पांजलि समय — प्रातः 11:00 बजे
स्थान : एम० जी० पब्लिक स्कूल सरकुलर रोड, मुज़फ्फरनगर
कार्यक्रम के उपरान्त भोजन-प्रसाद की व्यवस्था है।
एम० जी० पब्लिक स्कूल, एम० जी० वर्ल्ड विजन स्कूल प्रधानाचार्या एवं शिक्षक मण्डल तथा छात्र-छात्राएँ
एम० जी० चैरिटेबल ट्रस्ट के समस्त पदाधिकारी एवं समस्त मोगा परिवार

एस.के.बी. आरोग्यम्
सुपर स्पेशलिटी हैल्थकेयर (हॉस्पिटल) एवं डायग्नोस्टिक व ब्लड सैंटर




आपके शहर मुजफ्फरनगर में उच्च स्तरीय व आधुनिक सुविधाओं से युक्त
एस.के.बी. आरोग्यम् ब्लड सैन्टर (बैंक)
यूनिट ऑफ एस.के.बी. आरोग्यम् सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर
का शुभारम्भ
सोमवार 4 अगस्त, 2025
को किया जा रहा है।
SKB AAROGYAM BLOOD CENTRE 24x7
इसी क्रम में एस.के.बी. आरोग्यम् ब्लड सैंटर द्वारा
विशाल रक्तदान शिविर
का आयोजन किया जा रहा है।




सोमवार 4 अगस्त, 2025 को प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक
स्थान: बेसमेंट एस.के.बी. आरोग्यम् जानसठ रोड मुजफ्फरनगर।
रक्तदान एक अलौकिक अनुभव है, आइये अधिक से अधिक रक्तदान कर अमूल्य जीवन बचाएं।
एस.के.बी. आरोग्यम् सुपर स्पेशलिटी हैल्थकेयर (हॉस्पिटल) एवं डायग्नोस्टिक व ब्लड सैंटर
7300740070, 7300740072 skbaarogyam.com
SKB AAROGYAM BLOOD CENTRE
बेसमेंट, एस.के.बी. आरोग्यम् हॉस्पिटल जानसठ रोड, मुज़फ़्फ़रनगर
92 59 510 410



# गंदे पानी से गुजरकर श्मशान जा रही अर्थियां

## - ग्राम प्रधान और सचिव पर लगे गंभीर आरोप

**बुढ़ाना, 03 अगस्त (बु.)।** ब्लॉक क्षेत्र का गांव खेड़ी गनी का क्षतिग्रस्त मुख्य मार्ग ग्रामीणों को बहुत ज्यादा परेशान कर रहा है। किसी भी मृतक ग्रामीण की अर्थी को श्मशान घाट तक ले जाने के लिए गंदे पानी से गुजरना लाजिमी है। इसके लिए तहसील दिवस में भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन आज तक क्षतिग्रस्त मार्ग के हालात नहीं बदले। किसी भी घर से श्मशान घाट तक जाने वाली अर्थी को ले जाने वाले ग्रामीण इस मार्ग से गुजरते हुए बहुत ही परेशानी उठाते हैं। इस आशय का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें काफी ग्रामीण एक अर्थी को श्मशान तक ले जाने में काफी परेशानी झेल रहे हैं। ये वीडियो सोशल वीडियो में जमकर वायरल हो रहा है। ग्रामीणों ने इस क्षतिग्रस्त मार्ग की शिकायत बीते दिन तहसील दिवस बुढ़ाना में की, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि गांव खेड़ी गनी में मौहम्मदपुर राय सिंह मार्ग पर गाँव के गन्दे पानी का जल भराव हो रहा है, जो करीब 2 फीट गन्दा पानी व कीचड़ भरा हुआ है। स्कूल में आने जाने वाले बच्चे काफी परेशान हैं तथा उसी रास्ते पर गाँव का श्मशान घाट व कब्रिस्तान भी स्थित है। उनके रास्ते पर जल भराव होने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीमारी फैलने का अन्देशा भी बना हुआ है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान को अवगत कराया, किन्तु ग्राम प्रधान द्वारा उचित कार्यवाही नहीं की गयी, जिससे वे काफी परेशान हैं। ग्रामीणों ने इसको लेकर ग्राम प्रधान व सचिव पर गंभीर आरोप लगाए हैं।







# झमाझम बारिश से मौसम बन गया सुहावना, लोगों में बड़ी राहत

## - कई इलाकों में बारिश के इस जलभराव से हुई भारी परेशानी - आधे घंटे में दर्ज हुई नगरीय क्षेत्र में करीब 11 एमएम बारिश

**मुजफ्फरनगर, 03 अगस्त (बु.)।** पूर्व वर्षों के मुकाबले इस बार मौसम की समय से पूर्व हुई दस्तक से दिल्ली-एनसीआर समेत समूचे उत्तर भारत में राहत की बारिश का क्रम रुक-रुक कर लगातार जारी है। श्रावण माह के प्रथम दिवस से जनपद में हुई झमाझम बारिश का क्रम पूरे माह जारी रहा। इस कड़ी में श्रावण माह में शुरू हुई बारिश का क्रम रविवार को लगातार चौथे दिन भी जारी रहा। अब दो दिनों के बाद श्रावण माह की विदाई तक ऐसे ही हालात रहने का मौसम विभाग पूर्व में अलर्ट जारी कर चुका है। इन्हीं हालातों के बीच नगर में रविवार को मात्र आधा घंटे की बारिश में करीब 11 एम एम बारिश दर्ज की गई। दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत और वेस्ट यूपी के साथ जिले में रविवार को चौथे दिन भी झमाझम बारिश का क्रम जारी रहा। चार दिनों से जारी बारिश से जहां शहर की निचली बस्तियों में जलभराव से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, वहीं मुख्य बाजारों व सड़कों के साथ गली-मौहल्लों में बने गड्ढों में पानी भर जाने से लोगों को पैदल एवं दुपहिया वाहनों पर चल पाना भी मुश्किल सा हो गया। हालांकि बीते चार दिनों से जिले में जारी झमाझम बारिश से खेतों में खड़ी फसलों के इठलाने के साथ किसानों के चेहरों पर विजयी मुस्कान देखने को मिली। इस बीच किसानों को गन्ने की फसल के साथ धान एवं पशुओं के चारे के लिए आर्थिक रूप से भी बड़ी राहत दिखाई दी। हालांकि इस बीच अधिक बारिश होने से खादर क्षेत्र में बाढ़ की आशंका के साथ फसलों के नुकसान की दिक्कतों ने लोगों को परेशान कर दिया है, वहीं सब्जी की फसलों में इस जलभराव के कारण कुछ परेशानी ऐसे किसानों के चेहरों पर स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। बीते चार दिनों से लगातार जारी बारिश से मौसम में गर्मी एवं उमस से काफी राहत मिलती दिखाई दे रही है, वहीं बाजारों में लोगों को काफी राहत है। नगर में मौसम विभाग की ओर से जारी आंकड़ों में रविवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 26.7 डिग्री सेल्सियस के साथ आर्द्रता 92 प्रतिशत दर्ज किया गया।



# ड्रोन से दहशत फैलाने वालों पर चलेगा गैंगस्टर एक्ट, जरूरत पड़ी तो एनएसए भी लगेगा: सीएम योगी

**लखनऊ, 3 अगस्त (एजेंसी)।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में ड्रोन देखे जाने की अफवाहों से आम लोग और प्रशासन दोनों को परेशानी हो रही है। अब इस मामले पर योगी सरकार एक्शन में है। इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह प्रमुख सचिव गृह और पुलिस महानिदेशक के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने ड्रोन गतिविधियों को लेकर सख्त गाइडलाइन जारी की है। मुख्यमंत्री योगी ने स्पष्ट किया कि ड्रोन के जरिए दहशत फैलाने या अफवाह फैलाने की कोशिश करने वालों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून भी लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के ड्रोन संचालन पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि तकनीक का गलत इस्तेमाल करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। अफवाह फैलाने या डर पैदा करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रमुख सचिव गृह और डीजीपी को निर्देश दिए हैं कि सभी जिलों में ड्रोन गतिविधियों की समीक्षा कर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# राशन की दुकान में बड़ा गड़बड़झाला

## प्रधान ने खोली राशन डीलर की पोल, मचा हड़कंप







**चरथावल, 03 अगस्त (बु.)।** ग्राम दधेड़ू खुर्द में राशन की दुकान पर बड़ा गड़बड़झाला देखने को मिला है। ग्राम प्रधान हुसैन अहमद ने राशन की दुकान पर मौके पर जाकर सैकड़ों राशन धारकों के सामने राशन डीलर की पोल खोल दी। राशन डीलर की करतूत की वीडियो वायरल होने पर हड़कंप मच गया। वहीं सैकड़ों राशन धारकों ने कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार के घर पहुंचकर राशन डीलर की हरकत से अवगत कराते हुए कार्यवाही की मांग की। चरथावल ग्राम दधेड़ू खुर्द में राशन की दुकान पर बड़ा गड़बड़झाला देखने को मिला है। ग्राम प्रधान हुसैन अहमद ने राशन की दुकान पर मौके पर जाकर सैकडों राशन धारकों के सामने राशन डीलर की पोल खोल दी। वायरल वीडियो में पर्ची निकालते समय राशन की जगह ईंट रोड़े रखकर पर्ची निकाली जा रही है। वहीं पर्ची निकालकर राशन धारकों को राशन नहीं दिया जा रहा है। यही नहीं राशन की दुकान से हटकर अन्य स्थान पर राशन धारकों की पर्चियां निकाली जा रही हैं। साथ ही राशन धारकों की अवैध पर्ची देकर राशन धारकों को बिना राशन के टरका दिया जाता है। कुछ दिन पूर्व भी ग्राम प्रधान ने घोटाले का सामने आकर खुलासा किया था, लेकिन अधिकारियों ने सांठ-गांठ कर मामले को रफा दफा कर दिया था। ग्राम प्रधान हुसैन अहमद ने राशन की दुकान पर मौके पर जाकर सैकड़ों राशन धारकों के सामने राशन डीलर की पोल खोल दी। राशन डीलर की करतूत की वीडियो वायरल होने पर हड़कंप मच गया। वहीं सैकड़ों राशन धारकों ने कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार के घर पहुंचकर राशन डीलर की हरकत से अवगत कराते हुए कार्यवाही की मांग की।

# व्यापारी से लूट करने वाले आरोपी से मुठभेड़

## - 10 साल से लकड़ी व्यापारी के यहां काम करता था असलम

**बुढ़ाना, 03 अगस्त (बु.)।** बुढाना में रविवार को पुलिस और लूट के आरोपी के बीच मुठभेड़ हुई। कांधला-विज्ञाना मार्ग पर हुई इस मुठभेड़ में पुलिस की गोली से शातिर लुटेरा असलम घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी असलम ने शनिवार रात लकड़ी व्यापारी ममलेश जैन के घर में घुसकर लूट का प्रयास किया था। व्यापारी के विरोध करने पर असलम ने उन पर हथौड़े से हमला कर उन्हें घायल कर दिया था।



स्थानीय लोगों द्वारा सूचना मिलने पर पुलिस ने क्षेत्र में कांबिंग शुरू की और कांधला मार्ग पर असलम को घेर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक हथौड़ा, तमंचा, कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। घायल व्यापारी ममलेश जैन को गंभीर अवस्था में मेरठ के एक हायर सेंटर में रेफर किया गया है। वहां उनका इलाज चल रहा है। सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि असलम पहले उसी व्यापारी के यहां कर्मचारी था। उसने व्यापारी की जानकारी का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार घटना की विस्तृत जांच जारी है और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# आमने सामने की टक्कर लगने के बाद उछलकर डिवाइडर पर चढ़ी कार, मां और बेटे की मौत

**धामपुर, 03 अगस्त (एजेंसी)।** धामपुर में नेशनल हाईवे 74 पर रविवार सुबह करीब आठ बजे गांव चक सहजानी के निकट दो कारों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। एक कर में सवार मां-बेटे की मौत हो गई, जबकि एक महिला घायल है। घायल को धामपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के रुड़की के निवासी थे। रविवार सवेरे रुड़की से अपनी कार से रुद्रपुर जा रहे थे। उत्तराखंड के जिला हरिद्वार के रुड़की निवासी प्रीति भट्ट ने बताया कि वह रविवार सुबह रुड़की से रुद्रपुर जाने के लिए कार से घर से निकले थे। वह जैसे ही धामपुर में चकशहजानी गांव के पास पहुंचे तो सामने से अनियंत्रित कार ने उनकी कार में टक्कर मार दी। उनकी 55 वर्षीय सास माधवी भट्ट पत्नी चेतन भट्ट और उनके 30 वर्षीय पति चंद्रशेखर भट्ट पुत्र चेतन भट्ट की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। घायल प्रीति भट्ट पत्नी चंद्रशेखर को धामपुर के सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है। उधर पुलिस का कहना है कि सड़क हादसा इतना भीषण था कि दो कारों की टक्कर हो जाने के बाद एक कार डिवाइडर पर चढ़ गई। दूसरी कार में सवार लोगों का अभी पता नहीं लग पाया है। पुलिस पता निकालने के प्रयास में लगी हुई है।



# जंगल में संदिग्ध लोगों ने किसान को पीटा

**जानसठ, 03 अगस्त (बु.)।** कस्बे के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बदमाशों की अफवाह को लेकर लोगों में दहशत फैली हुई है। ऐसे माहौल में कस्बे के एक किसान को ईख के खेत में पकड़ कर संदिग्ध लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटना से किसानों में दहशत है। कस्बे के मौहल्ला करीमुल्ला पट्टी निवासी किसान नरेन्द्र सैनी शनिवार को अपने खेत में गया था। वह अपने ईख के खेत में खाद डालने लगा। इसी दौरान ईख के अंदर ही संदिग्ध लोगों ने उसको पकड़ लिया, उन्होंने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। वह किसी तरह से जान बचाकर वहां से भाग कर अपने घर पहुंचा। सूचना देने पर स्वजन व किसानों में दहशत फैल गई। किसान भी जंगलों में बदमाशों के होने की अफवाहों को लेकर अपने खेतों में जाने से डर रहे है। कुछ किसान इकट्ठा होकर जंगल में अपने खेतों में पशुओं के लिए चारा लेने के लिए जाने लगे हैं। कस्बे के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बदमाशों की अफवाहों को लेकर लोग रात में पहरा दे रहे हैं। किसान को घायल करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने जानकारी होने से इन्कार किया है। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा का कहना है कि क्षेत्र में बदमाशों की अफवाहों को लेकर पुलिस गांवों में बैठक कर रही है। ग्रामीणों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की जा रही है। उन्होंने कहा कि संदिग्ध लोगों के होने की सूचना पुलिस जरूर दें।

# पुलिस ने चलाया चैकिंग अभियान

**मुजफ्फरनगर, 3 अगस्त (बु.)।** एसएसपी के निर्देशन में पुलिस ने आगामी त्यौहारों के चलते सुरक्षा के मद्देनजर शहर के होटल, ढाबों, धर्मशालाओं सहित विभिन्न स्थानों पर चैकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने शहर के रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, होटल, ढाबों, धर्मशालाओं व अन्य भीड-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस स्टैंड पर संदिग्ध प्रतीत होने वाले लोगों की चैकिंग करते हुए अनावश्यक घूम रहे लोगों से पूछताछ भी की। पुलिस द्वारा होटलों में रजिस्टरों व अभिलेखों को चैक किया गया तथा होटल संचालकों को निर्देशित किया गया कि बिना वैध आईडी प्रूफ के किसी भी व्यक्ति को न ठहरायें तथा होटल में ठहरने वाले सभी लोगों का पूर्ण विवरण रजिस्टर में दर्ज करें। यदि किसी व्यक्ति की कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आती है, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# प्रबुद्ध जनमंच एवं मुजफ्फरनगर के सभी लायंस क्लब का एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम न्यू मैक्स सिटी में आयोजित हुआ

**मुजफ्फरनगर, 03 अगस्त (बुस.)।** प्रबुद्ध जनमंच एवं मुजफ्फरनगर के सभी लायंस क्लब द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम न्यू मैक्स सिटी में आयोजित किया गया, जिसमें नगर के अनेक गणमान्य लोगों ने अपनी माता जी के सम्मान में पौधे लगाए एवं उन पर अपने माताजी के नाम की प्लेट लगाई। प्रबुद्ध जन मंच के अध्यक्ष निशांक जैन ने बताया कि हमारा एक सपना था कि नगर के सभी प्रमुख एवं समाजसेवी लोग किसी एक ही स्थान पर पौधे लगाए और वह सभी पौधे वृक्ष बने। न्यू मैक्स सिटी के एमडी सुनील गोयल ने कहा कि इस काम के लिए न्यू मैक्स सिटी सबसे उपयुक्त जगह है। उन्होंने भरोसा दिलाया की नगर के गणमान्य लोगों द्वारा लगाए गए पौधों की देखभाल उनकी कंपनी






आजीवन करेगी, क्योंकि यह नगर की सबसे बड़ी टाउनशिप है, जिसमें 60% एरिया ग्रीन है। लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. विनीत सिसोदिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि पौधा लगाना बड़ा आसान है, मगर हमेशा उसकी देखभाल करना एक कठिन कार्य है। इसके लिए न्यूमैक्स सिटी के एमडी सुनील गोयल प्रशंसा के पात्र हैं। इस कार्यक्रम में लायन अनुराधा वर्मा डिस्ट्रिक्ट जीएमटी कॉर्डिनेटर का विशेष सहयोग रहा। मुख्य रूप से कार्यक्रम में लायन कुंज बिहारी अग्रवाल पूर्व मंडलाध्यक्ष पीएमजेएफ लायन सीए अजय अग्रवाल, चीफ डिस्ट्रिक्ट एम्बेसडर, पीएमजेएफ लायन रीना अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट जीएलटी कोऑर्डिनेटर लायन गिरिराज माहेश्वरी, लायन गिरीश अग्रवाल, लायन मुकेश अरोड़ा, क्लब अध्यक्ष शिव शंकर मित्तल लायन अमित मित्तल, ओडी शर्मा, नंद गोपाल, योगेंद्र कंबोज,भूपेंद्र गुप्ता, अमित गर्ग, अनिल कंसल, नितिन गोयल, दिनेश गर्ग, राजेश मित्तल, मुकुल गोयल, मनीष जैन, सीए सचिन गोयल, खुशबू गोयल, अनुराधा मित्तल, वंदना मित्तल, नेहा गर्ग, आदित्य भरतीया, अनुश्री भारतीय, राजीव महेश्वरी, हेमलता महेश्वरी, लायन अनुपमा गोयल, लायन कमला भगत आदि ने अपनी अपनी माता जी के सम्मान में पौधे लगाए।

# काशी में तीन हजार से ज्यादा मंदिर डूबे, हजारों की आबादी बेबस

**वाराणसी, 03 अगस्त (एजेंसी)।** वाराणसी में में गंगा खतरे के निशान 71.26 को पार गई है। इस कारण जहां 84 घाटों का संपर्क टूट गया है, वहीं इसके किनारे तीन हजार से ज्यादा मंदिर डूब गए हैं। शीतला घाट पर मां का मंदिर भी जलमग्न हो गया है। जल पुलिस की चौकी भी पानी में डूब चुकी है। वहीं, जिलाधिकारी ने आबादी क्षेत्र में जाकर यहां का हाल जाना। आसपास के लोगों ने अंदेशा जताया कि अगर इसी तरह के हालात रहे तो सभी सीढ़ियां भी डूब जाएंगी। बीते शनिवार की रात 12 बजे गंगा का जलस्तर 71.71 मीटर पहुंच गया। 84 घाटों को डुबोने के बाद अब गंगा शहर में प्रवेश कर चुकी हैं। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार से गंगा 14 सीढ़ी नीचे हैं। दशाश्वमेध घाट की तीन सीढ़ियां बची हैं। शीतला घाट पर मंदिर पूरी तरह से पानी में समाहित हो चुका है और सिंधिया घाट पर रत्नेश्वर महादेव के मंदिर के शिखर का कुछ हिस्सा ही नजर आ रहा है। नमो घाट पर बने स्कल्पचर भी डूब गए हैं। लोग घरों में फंसे हैं। अस्सी घाट पर गंगा का पानी सड़क पर बह रहा है। जगन्नाथ मंदिर के गेट के पास पहुंच गया है। बढ़ती भीड़ को देख पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी है। सामनेघाट स्थित अघोर फाउंडेशन के पास से महेशनगर कॉलोनी में पानी आ गया है। पूरे शहर में 50 हजार लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। गंगा और वरुणा नदी में लगातार बढ़ते जलस्तर ने तटीय इलाकों के हजारों लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शनिवार को वरुणा नदी में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक 12 फीट बढ़ाव रिकॉर्ड किया गया।







## नाम परिवर्तन सूचना

मैं, साहिल (Sahil), पत्नी स्वर्गीय इरशाद, निवासी मकान संख्या 188, गाँव दधेरू कलां, जिला मुज़फ्फरनगर (उत्तर प्रदेश), यह सूचित करती हूँ कि मैंने अपना नाम साहिल (Sahil) से बदलकर राहिल (Rahil) कर लिया है। अब से मुझे राहिल (Rahil), पत्नी स्वर्गीय इरशाद नाम से जाना और पहचाना जाएगा।

राहिल (Rahil)
मकान संख्या 188, गाँव- दधेरू कलां,
जिला- मुज़फ्फरनगर (उत्तर प्रदेश)




संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# मंदिर में नागा साधु का आतंक, पुजारी पर फरसे से हमला किया

**सीतापुर, 03 अगस्त (एजेंसी)।** यूपी के सीतापुर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक कथित नागा साधु ने मंदिर के अंदर घुसकर जमकर आतंक मचाया है। नागा साधु ने मंदिर के अंदर पुजारी पर फरसे से हमला किया। नागा साधु ने पुजारी के प्राइवेट पार्ट पर भी कई वार किए और त्रिशूल से पीटा। इस घटना में पुजारी घायल हुए हैं और उन्हें हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला कोतवाली देहात क्षेत्र के शाह महोली शिव मंदिर का है। ये घटना पुलिस चौकी से महज 200 मीटर की दूरी पर हुई। वायरल वीडियो में दिख रहा नवयुवक अपने आप को नागा बाबा बताता है और पुजारी पर ताबड़तोड़ कई हमले करता है। पुजारी को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। मिली जानकारी के मुताबिक, कथित युवा नागा साधु ने पुजारी के गुप्तांग पर लगातार प्रहार किए, जिससे पुजारी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुजारी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर काफी तेजी के साथ वायरल हो रहा है। यह




वीडियो शनिवार रात का बताया जा रहा है। यह घटना देहात कोतवाली चौकी शाहमहोली के अंतर्गत स्थित एक मंदिर की है। घटना को लेकर देहात कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह का कहना है कि हमला करने वाले कथित युवा नागा साधु की पहचान नहीं हो पाई है। उसके मोबाइल नंबर से उसकी तलाश की जा रही है। साथ ही वीडियो में दिख रहे लोगों की भी तलाश की जा रही जा रही है, जिससे कथित युवा नागा साधु की पहचान हो सके। हालांकि मंदिर के पुजारी ने किसी प्रकार की शिकायत नहीं की है। बताते चलें कि कोतवाली पुलिस पहले इस मामले को पूरी तरह से दबाने का प्रयास कर रही थी, लेकिन सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो जाने के बाद पुलिस हरकत में आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नागा साधु और पुजारी शैलेश सिंह के बीच पहले कुछ बहस हुई, जिसके बाद नागा साधु ने अचानक फरसे से हमला कर दिया। मंदिर शाहमहोली चौकी से मात्र 200 मीटर की दूरी पर स्थित है, लेकिन पुलिस को घटना की भनक तक नहीं लगी। वहीं घटना को लेकर लोगों में काफी रोष व्याप्त है।

# स्टॉक मार्केट टूटने से टॉप-10 कंपनियों में 7 का मार्केट कैप 1.35 लाख करोड़ घटा

**मुंबई, 3 अगस्त (एजेंसी)।** देश की टॉप-10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में 7 का संयुक्त मार्केट कैप पिछले हफ्ते में 1.35 लाख करोड़ रुपये घट गया। इसमें टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को सबसे ज्यादा झटका लगा। पिछले हफ्ते, बीएसई सेंसेक्स 863.18 अंक या 1.05 प्रतिशत टूट गया। इस दौरान टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, भारतीय जीवन बीमा निगम और बजाज फाइनेंस के मार्केट कैप में संयुक्त रूप से 1,35,349.93 करोड़ रुपये की गिरावट आई। दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप बढ़ा। इन तीनों कंपनियों ने कुल मिलाकर 39,989.72 करोड़ रुपये जोड़े। टीसीएस का मार्केट कैप 47,487.40 करोड़ रुपये घटकर 10,86,547.86 करोड़ रुपये रह गया। भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 29,936.06 करोड़ रुपये घटकर 10,74,903.87 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का मूल्यांकन 32,013.18 करोड़ रुपये बढ़कर 5,99,462.97 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

# अपनी गुडविल बनाने से कहीं नहीं चूक रही मुजफ्फरनगर पुलिस

**मुजफ्फरनगर, 3 अगस्त (बु.)।** रविवार की सुबह गांधी कॉलोनी चौकी पर उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब एक अपराधी अंकित विहार निवासी एक युवती से मंगलसूत्र छीनकर भाग रहा था। लुटेरे को जब आमजन ने पकड़कर पुलिस को सौंपा तो पुलिस ने घंटों उसे चौकी में ही बैठाए रखा और यह दर्शाने की कोशिश की कि जैसे पुलिस ने ही उसे पकड़ा हो। स्थानीय लोगों द्वारा जब यह कहा गया कि उक्त लुटेरे को तो आम लोगों ने पकड़ा है तो पुलिस इसमें अपनी शाख बनाने में क्यों जुटी है। इस पर पुलिस का कहना था कि आप लोगों को अपराधी को सजा मिलने से मतलब है, हम उसे अपने आप गिरफ्तार करना दिखायें या फिर आपके द्वारा पकड़कर हमें देना, इस बात से क्या फर्क पड़ता है। जब आमजन ने इसका विरोध किया तो पुलिस ने घंटों तक उक्त मंगलसूत्र चोर को आराम से बैठाए रखा। समाचार लिखे जाने तक पुलिस द्वारा उस पर मुकदमा लिखे जाने की कोई सूचना नहीं मिली थी। इसी से साफ प्रतीत होता है कि पुलिस अपना गुडवर्क मुख्यमंत्री की निगाह में किस तरह से बढ़ा रही है और अपने नम्बर लेने में जुटी है। अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और शायद पुलिस अपना गुडवर्क दिखाने को ही काम करती है, चाहे फिर अपराधी को आम जनता ही ने क्यों न पकड़कर दिया हो।



मंगल सूत्र चुराने का आरोपी



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## भारत, अमेरिका और पाकिस्तान

भारत अमेरिका को अपना दोस्त समझता था, लेकिन अमेरिका अब पाकिस्तान की ओर झुक रहा है। पाकिस्तान, अमेरिका का लॉलीपाप उसी के झूले में बैठ कर झूल रहा है। भारत वैश्विक मैत्री की भावना के साथ देश प्रथम की नीति पर चलता है और हमला करने वाले शत्रु के लिये काल भैरव भी है। अमेरिका इस समय कन्फ्यूज है। पाकिस्तान की कमर भारत ने तोड़ दी, यह पूरी दुनिया ने देखा, लेकिन अमेरिका को इसका सदमा लगा, उसने देखा कि कैसे भारत के हथियारों ने तहलका मचाया, इससे अमेरिका की दादागिरी को ठेस लगी। यह ऐसी चोट थी जिससे अमेरिका, पाकिस्तान से ज्यादा हिल गया। अमेरिका का भारत के प्रति बर्ताव ऑपरेशन सिंदूर के बाद ही से ज्यादा बदला हुआ है। यह इस बात ही का संकेत है कि भारत के हथियारों ने पाकिस्तान को तो घुटनों पर ला ही दिया, लेकिन घायल अमेरिका भी हुआ है। एक हारे हुए पाकिस्तानी सैनिक को दावत देना, बार-बार अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना, टैरिफ की धमकी, और अब पाकिस्तान में तेल की खोज में पाकिस्तान की मदद का शिगूफ़ा, ये सब कृत्य उसी चोट का संकेत है, जिसकी दवा अमेरिका को अभी तक मिली नहीं है। अमेरिका बुरी तरह खिसिया गया है और खम्बा नोचे जा रहा है। अमेरिका के टेक्सस में 2019 में 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम में डोनाल्ड ट्रम्प को लेकर प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 'अबकी बार ट्रम्प सरकार' का नारा दिया था। अगले साल जब ट्रम्प भारत आए तो अहमदाबाद में उनके स्वागत में 'नमस्ते ट्रम्प' कार्यक्रम आयोजित हुआ। उस समय विश्लेषकों ने इसे दो नेताओं के बीच गर्मजोशी वाले रिश्तों के तौर पर देखा। साल 2024 में प्रधानमन्त्री मोदी फिर सत्ता में आए, उधर ट्रम्प ने भी सत्ता में वापसी की। मीडिया में फिर दोनों नेताओं के रिश्तों के लेंस से भारत-अमेरिका संबंधों को देखा जाने लगा। मगर, पिछले कुछ महीनों में ऐसा लगा है कि दोनों नेताओं के बीच रिश्ते पहले जैसे नहीं हैं। ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनने के बाद इस बार कई देशों पर टैरिफ यानी व्यापार शुल्क लगाने की घोषणा की। टैरिफ की घोषणा के बाद ट्रम्प ने व्यापार समझौते पर बात करने के लिए इन देशों को 90 दिनों की छूट दी। मगर, 30 जुलाई को ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी। ट्रम्प कहीं न कहीं ऑपरेशन सिंदूर से प्रभावित लग तो रहे हैं। ट्रम्प ने रूस से तेल खरीदने पर पेनल्टी लगाने की भी बात कही। भारत पर टैरिफ लगाने की घोषणा के कुछ ही देर बाद अमेरिका ने पाकिस्तान से एक समझौता किया। अमेरिका ने पाकिस्तान के साथ वहां के तेल भंडारों को विकसित करने की बात कही है। दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता भी हो चुका है। इस सबसे लग रहा है कि ट्रम्प कहीं न कहीं ऑपरेशन सिंदूर से प्रभावित तो हैं। अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए टैरिफ और इसके असर पर कई जानकार अलग-अलग बातें रख रहे हैं। कुछ का मानना है कि इसका असर शॉर्ट टर्म रहेगा, कुछ का मानना है कि लॉन्ग टर्म रहेगा। माना जा रहा है कि निर्यात कम होगा, जो निर्यातक हैं, उनकी आमदनी भी कम होगी। शुल्क के साथ प्राइस बढ़ जाएगा। इसके साथ ही थोड़ी अनिश्चितता भी है, क्योंकि जो व्यापार समझौता होने वाला था, वह अभी तक हुआ नहीं है। शॉर्ट टर्म में अमेरिकी टैरिफ का सबसे ज्यादा असर कपड़े, दवाइयां, ऑटो पार्ट्स, झींगे और इंजीनियरिंग गुड्स जैसे उत्पादों पर पड़ेगा। अमेरिका और पाकिस्तान के बीच तेल भंडारों को लेकर जो समझौता हुआ, पाकिस्तान में इसका स्वागत किया जा रहा है। पाकिस्तानी सरकार इसे देश की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण समझौता मान रही है। साथ ही इसे अमेरिका और अन्य देशों के साथ डिप्लोमैटिक रिलेशन के लिए भी बहुत बड़ी जीत मान रही है, जबकि यह वही है कि 'सूत न कपास, जुलाहों में लट्ठम लट्ठा'। अभी पाकिस्तान में तेल होने में भी सन्देह है, लेकिन पाकिस्तानी खुश हो रहे हैं। अमेरिका ने उन्हें झुनझुना पकड़ा दिया है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पिछले कुछ सालों से काफी बुरी स्थिति में है। अब सरकार दावा कर रही है कि वह एक टेकऑफ की स्थिति में आ गई है। पाकिस्तान कह रहा है कि जहाँ तक तेल भंडारों की बात है, तो पिछले 20 सालों या शायद इससे भी ज्यादा अरसे से हम कोशिश कर रहे हैं कि विभिन्न निजी कंपनियां और देश आएं और तेल भंडार या गैस भंडार पर काम करें, लेकिन सुरक्षा कारणों से और तकनीक या अन्य कारणों से कंपनियां नहीं आ रही थीं। अब जबकि राष्ट्रपति ट्रम्प ने ये बात बहुत ही खुले तौर पर कही है, तो पाकिस्तान को लग रहा है कि जो तेल और गैस के भंडार उसके पास हैं, अगर अमेरिका की कोई बड़ी कंपनी अपनी तकनीक के साथ आती है, तो उसको एक्सपलोर करने में बहुत मदद मिलेगी। फिलहाल तो यह मुंगेरी लाल का हसीन सपना ही है। पाकिस्तानी सरकार इस समय खुश है। पाकिस्तानी सरकार इसे अपनी राजनीतिक और कूटनीतिक जीत के तौर पर भी पेश कर रही है, क्योंकि भारत पर ज्यादा टैरिफ लगा है। इसके अलावा भारत को लेकर ट्रम्प जिस भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, उसे भी पाकिस्तानी सरकार अपनी जीत बता रही है। पाकिस्तान कहा जा रहा है कि वॉर जीतने के बाद अब पाकिस्तान ने भारत को डिप्लोमैटिक फ्रंट पर भी शिकस्त दे दी है। पाकिस्तान में पाकिस्तानी मीडिया और जहालत का शिकार नेता यह कह रहे हैं कि वॉर जीतने के बाद अब पाकिस्तान ने भारत को डिप्लोमैटिक फ्रंट पर भी शिकस्त दे दी है। एक टूटा हुआ देश, एक कन्फ्यूज देश की रोटी खाकर उसकी बीन पर नाच रहा है। अमेरिका में सरकारी तेल कंपनियां नहीं होती हैं। वहां पर सारी कंपनियां प्राइवेट हैं, तो किस कंपनी ने डील की है और कब की है? सच यह है कि किसी कंपनी ने कोई डील नहीं की है। अमेरिकी राष्ट्रपति कहेंगे और कंपनियां पाकिस्तान आ जाएंगी, ऐसा अमेरिका में होता नहीं है, ये बहुत बड़ी कंपनियां हैं, ये सियासी सामान नहीं बनती। अमेरिकी सरकार अपने इरादे जाहिर कर सकती है कि पाकिस्तान जाकर काम करेंगे, लेकिन कंपनियां तभी जाएंगी, जब उन्हें पहले से सुरक्षा का भरोसा हो और दूसरी बात यह कि तेल के भंडार कहां मिले हैं? ट्रम्प ने कहा है कि बड़े तेल भंडार हैं, तो ये कहां हैं और कितने बड़े हैं? यह अभी ऐसा ही है जैसा राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें सबूतों का एटम बम मिला है। अमेरिकी कम्पनी यह भी जानती हैं कि वहां चीन के वर्करों के साथ क्या होता है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'सरगम' 'संगीत' 'साज़' 'अंदाज़'

सरगम को किसने छेड़ा है फ़नकार कौन है,
संगीत के नशे को समझ साज़ पर न जा।
इनको तो बोलना है यूँ ही रोज़ बेसबब,
नादान अहमकों के तू अंदाज़ पर न जा।







# 24 घंटे में एक बार परिवार के साथ बैठने से बढ़ेंगे संस्कारः अरविन्द जी महाराज

## ...मन सीताराम सीताराम रट रे, थारा संकट जावे सब कट रे

मुजफ्फरनगर, 03 अगस्त (बु.)। श्रीराम कथा महोत्सव के सातवें दिन एसडी कॉलेज मार्किट मंदिर परिसर में आयोजित श्रीराम कथा में धर्म-संस्कृति, माता-पिता एवं घर के अन्य सदस्यों के प्रति व्यवहार व जिम्मेदारियों का बोध कराया गया। व्यासपीठ से कथा व्यास अरविन्द जी महाराज ने इस दौरान श्रीराम के माध्यम से भक्तों पर ज्ञान गंगा की अमृत वर्षा करते हुए परिवारिक संबंधों में बढ़ती जा रही दूरी के लिए बंद कमरों में कैद होते परिवारों को जिम्मेदार ठहराया और आह्वान किया कि घर के हर व्यक्ति को कुछ पल पूरे परिवार के साथ जरुर बिताने चाहिए, जिससे आत्मीय शांति के साथ प्रेमभाव के साथ संस्कारों में वृद्धि ही होगी। उन्होंने श्रीराम कथा के पात्रों की महत्ता को मानव जीवन में महत्वपूर्ण बताते हुए सभी भक्तों को आत्मसात किए जाने का भी आह्वान किया। एसडी कॉलेज मार्किट शिव मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव के बीच भावनात्मक व आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न श्रीराम कथा के बीच केवट प्रसंग के साथ भरत चरित्र सती सावित्री आदि चरित्रों के सजीव वर्णन से श्रद्धालुजन श्रीराम की करुणा, सेवाभाव और भ्रातृ प्रेम में डूबते चले गए। इस दौरान कथा स्थल संकीर्तन, भक्ति और भाव विभोर दर्शकों से परिपूर्ण रहा। इस बीच अरविन्द जी महाराज के साथ ही उनके सुपुत्र अभिषेक जी श्री बालाजी धाम आश्रम, आगरा की गरिमामयी उपस्थिति और वाणी ने पंडाल को विशेष रूप से भाव विभोर किए रखा। अभिषेक जी द्वारा प्रस्तुत की कथा का भावपूर्ण व प्रभावशाली वाचन श्रोताओं के हृदय को छू गया। उनकी शैली में युवा चेतना व परंपरा का सुंदर संगम देखने को मिला। कथा स्थल पर मुख्य यजमान मीनाक्षी स्वरूप चेयरपर्सन, गौरव स्वरूप, आकाश कुमार और नीरज कुमार रहे। अन्य यजमानों में लक्ष्मी चंद्र गोयल, नितिन गोयल रहे। प्रसाद सेवा का पुण्य कार्य मनु स्वीट्स के अभिनव अग्रवाल पुत्र स्व. अर्जुन अग्रवाल की ओर से किया गया। मंच का संचालन अनिल नामदेव ने मर्यादित, संयमित और भावनात्मक शैली में संपन्न किया। इस दौरान मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, पूजा दुआ, रमेश साईं, अरविंद बंसल, ब्रज मोहन, अंबरीश सिंघल, योगेंद्र मित्तल, विनोद सिंघल, उपेंद्र बंसल, सुरेंद्र अग्रवाल, जयपाल नामदेव, अजय सिंघल, रविंद्र जैन, आकाश कक्कड़, राकेश अरोड़ा, विष्णु अनेजा, राजीव शर्मा, राकेश कंसल, योगेश सिंघल, रक्षित नामदेव, विजय तागरा, श्याम जसूजा, संजीव गोयल, अनुराग गर्ग, अजय मदान, केवल कृष्ण अरोरा, नरेश अरोरा, आकाशदीप, केवल राम चुग, अरविंद जैन, विपिन मित्तल, नरेश पोपली, पंकज गर्ग, अचिन कंसल, अजय ग्रोवर, अनिल गर्ग, रोमिल सिंघल, गोपाल छाबड़ा, सुभाष चुग्घ, योगेश जी योगाचार्य, ब्रह्मप्रकाश, छाया सिंघल, बीना सिंघल, सविता गर्ग, सुरेंद्र, पूजा आदि श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आज के आयोजन को गरिमामय और आत्मिक बना दिया। अनिल नामदेव ने बताया कि सोमवार 4 अगस्त को श्रीराम कथा में शबरी चरित्र एवं जटायु आदि भक्तों के प्रसंग प्रस्तुत किए जाएंगे।

# कलाल महासभा ने मेधावियों को किया समारोह में सम्मानित

मुजफ्फरनगर, 03 अगस्त (बु.)। समाज को शिक्षित, संगठित व सशक्त बनाने के पवित्र उद्देश्य से कलाल महासभा द्वारा मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान एवं परिचय सम्मेलन का आयोजन गांधी कॉलोनी स्थित बारात घर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ, जिसमें समाज के प्रतिष्ठित जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ध्रुवपाल अहलूवालिया ने कहा कि शिक्षा सबसे बड़ी पूंजी है और युवा पीढ़ी पर देश के उज्ज्वल भविष्य की जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों से देश व समाज के लिए निरंतर आगे बढ़ने के साथ लक्ष्य को पहचानने की अपील की। इस दौरान पूर्व मंत्री रामकुमार वालिया ने समाज के राजनैतिक सशक्तिकरण की जरुरत पर बल देते हुए कहा कि राजनैतिक रूप से मजबूत होना समाज की उन्नति के लिए आवश्यक है। इस दौरान विजय कर्णवाल एवं महामंत्री ऋषिराज राही ने कार्यक्रम में आए सभी मेहमानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिन बच्चों को आज सम्मानित किया गया, ये सभी बच्चे समाज व देश को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। समारोह में बोर्ड परीक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 25 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही, समाज की एकता और युवाओं को जोड़ने को परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान संजय कर्णवाल, राकेश कर्णवाल, वेद प्रकाश कर्णवाल, प्रमोद कर्णवाल, राजेश कर्णवाल, शशि वालिया, आत्माराम पंवार, केके जायसवाल, केतन कर्णवाल को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। संचालन शैलेन्द्र कर्णवाल ने किया।



# हत्यारा देवर अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर

## - पीड़ित पक्ष ने पुलिस से की गिरफ्तारी की मांग

बुढ़ाना, 03 अगस्त (बु.)। दस दिन बीतने पर भी एक विवाहिता का हत्यारा देवर अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है। हालांकि पुलिस इस हत्या में सास, ससुर व पति को जेल भेज चुकी है। पीहर वालों ने पुलिस से चौथे हत्यारे की भी गिरफ्तारी की मांग की है। पीड़ित को ये अंदेशा है कि कहीं पुलिस देवर का नाम जांच से न निकाल दे। गौरव पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम वैल्ली ने पुलिस को बताया था कि उसकी बहन हिमानी की शादी बीते 06 दिसम्बर 2020 को भगत पुत्र लहरी निवासी ग्राम गढ़ी सखावतपुर संग हुई थी। उसके मां बाप ने हैसियत अनुसार काफी खर्च किया था, किन्तु उसकी बहन हिमानी का पति भगत, ससुर लहरी, सास शकुन्तला व देवर सूरत उसकी बहन द्वारा लाये गये दहेज से खुश नहीं थे। उसकी बहन से अतिरिक्त दहेज में स्विफ्ट कार की मांग करते थे। बहन ने अपने ससुरालियों को काफी समझाया कि वे अपनी अतिरिक्त दहेज की मांग छोड़ दें, किन्तु उक्त लोगों ने अपनी दहेज की मांग नहीं छोड़ी तथा उसकी बहन संग मारपीट करते रहे। उसकी बहन ने 2 बेटियों को जन्म दिया। उस वक्त भी उसकी बहन को ताने दिये कि न तो हमारी दहेज की मांग पूरी हुई बल्कि बेटियां पैदा कर दी। उसकी बहन ने परिवार बनाये रखने का पूरा प्रयास किया और ससुरालियों का उत्पीड़न झेलती रही। उसकी बहन की बीते 24 जुलाई को पूर्व की भांति गाली-गलौच व मारपीट कर हत्या कर दी गयी।

# बिहार में आसमान से बरसीं मछलियां, लखीसराय के गांव में मची लूट, लोग बोले- दैवी चमत्कार



लखीसराय, 03 अगस्त (एजेंसी)। बिहार के लखीसराय जिले में शुक्रवार की रात एक ऐसी अजब-गजब घटना घटी, जिसने हर किसी को हैरत में डाल दिया। बारिश की बूंदों के साथ आसमान से मछलियां बरसने लगीं, जिसे देख गांव वाले दंग रह गए। यह अनोखा नजारा जिले के सदर प्रखंड के साबिकपुर पंचायत अंतर्गत दामोदरपुर गांव में देखने को मिला, जहां लोग बारिश में भीगते हुए मछलियां बटोरने में जुट गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि रात में तेज बारिश के दौरान पहले तो लगा कि कोई कीड़ा गिर रहा है, लेकिन पास जाकर देखा तो छोटी-छोटी जिंदा मछलियां सड़कों और खेतों में बिखरी पड़ी थीं। देखते ही देखते बच्चे, महिलाएं और पुरुष मछलियां इकट्ठा करने में लग गए। दलित बस्ती से लेकर अन्य टोलों तक, हर कोई इस आसमानी तोहफे को लपकने में व्यस्त हो गया। गांव के शिक्षाविद् और विद्या विहार के संचालक रंजन कुमार ने इस घटना को वास्तविक बताते हुए कहा, यह कोई कहानी नहीं, बल्कि सैकड़ों लोगों ने इसे अपनी आंखों से देखा। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से इसे टॉरनेडो या तेज हवाओं से जोड़ा जा रहा है, जो जलाशयों से मछलियों को हवा में उड़ा ले जाती हैं और बारिश के साथ धरती पर गिरा देती हैं। हालांकि, स्थानीय लोग इसे दैवी संकेत मानकर आश्चर्य में डूबे हैं। रंजन ने बताया कि ऐसी घटनाएं दुर्लभ होती हैं, और इसके पीछे की वजह वैज्ञानिक जांच से ही स्पष्ट हो सकती है। फिलहाल, दामोदरपुर गांव में यह घटना चर्चा का केंद्र बनी हुई है। लोग इसे प्रकृति का करिश्मा मान रहे हैं, तो कुछ इसे चमत्कार बता रहे हैं। इस अनोखी बारिश ने न सिर्फ गांव वालों का ध्यान खींचा, बल्कि सोशल मीडिया पर भी यह खबर तेजी से वायरल हो रही है। वैज्ञानिक इस घटना की पड़ताल में जुटे हैं, लेकिन तब तक लखीसराय का यह छोटा सा गांव अपने मछली वर्षा के लिए सुर्खियों में बना रहेगा।

# पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के षष्ठम सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित किया

मुजफ्फरनगर, 03 जुलाई (बुस.)। मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा श्रीराम कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के स्नातक पाठ्यक्रम बीएजेएमसी षष्ठम सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित किया गया। मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा फल में बीएजेएमसी षष्ठम सेमेस्टर के छात्र अबुशेमा ने 87.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं दिव्यांशु गौतम ने 81.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि 78.2 प्रतिशत अंकों के साथ नैना वर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है। अतः विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में सशक्त बनने के लिए गम्भीरता से ज्ञान अर्जित करना चाहिए। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के उप-प्राचार्य डॉ. सौरभ मित्तल ने सभी विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों की मेहनत व लगन का परिणाम है, जिससे विद्यार्थियों ने उच्च स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की प्रवक्ता कहकशा मिर्जा ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रवेश समन्वयक नीतू सिंह, विभाग की प्रवक्ता, शिवानी बर्मन, मयंक वर्मा, ने हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें शुभकामनाएं दी।



## 125 वर्षों से लगातार होता चला आ रहा है रामलीला मंचन

जानसठ, 03 अगस्त (बु.)। कस्बे में मौहल्ला मिश्रान में स्थित प्राचीन रामलीला की शुरूआत सन 1900 में हुई थी, तब से लेकर अब तक रामलीला का मंचन स्थानीय कलाकारों के द्वारा होता चला आ रहा है। प्राचीन रामलीला कमेटी के अध्यक्ष निशांत कंबोज ने बताया कि कस्बे की प्राचीन रामलीला का इस वर्ष 125वां वर्ष है। प्रत्येक वर्ष रक्षाबंधन के दिन प्राचीन रामलीला की झंडा यात्रा कस्बे के मुख्य मार्गो से होकर निकाली जाती है। समिति के आजीवन संरक्षक जयप्रकाश कांबोज ने बताया कि महादेव मंदिर के पास स्थित रामलीला के खेत पर दशहरा मेला का आयोजन किया जाता है, जिसमें आसपास के गांव के हजारों लोग रावण दहन और मेले का आनंद लेते हैं। इस बार भी नो अगस्त को श्री रामलीला कमेटी की ओर से झंडा यात्रा निकाली जाएगी।

# भाई-बहन सुसाइड मामलाः 'पिता और सौतेली मां ने समझा नहीं, रिश्तेदारों ने भी अकेला छोड़ा'

गाजियाबाद, 3 अगस्त (एजेंसी)। गाजियाबाद के गोविंदपुरम में आईबी कर्मचारी अविनाश और उसकी बहन अंजलि की आत्महत्या से हर कोई सन्न रह गया है। मामले में पुलिस को एक डायरी के पन्ने मिले हैं। इसमें अंजलि ने लिखा है कि पिता और सौतेली मां ने उन्हें कभी समझा नहीं। रिश्तेदारों पर भी अकेला छोड़ देने के आरोप लगाए हैं। गाजियाबाद पुलिस इस मामले में डायरी के पन्नों, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और मिली शिकायत के आधार पर जांच कर रही है। गोविंदपुरम में रहने वाले इंटेलिजेंस ब्यूरो में कार्यरत अविनाश की बहन अंजलि ने डायरी में अपने जीवन का दर्द बयां किया।

अंजलि ने सौतेली मां और पिता समेत रिश्तेदारों के प्रति भी नाराजगी जताई है। अंजलि ने अपने पिता और सौतेली मां को आत्महत्या के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया। डायरी में अंजलि ने लिखा है कि पिता को सिर्फ स्कूल फीस देना याद रहता था। पिता की तरह बात करना कभी याद नहीं रहा। अंजलि ने पिता और सौतेली मां पर सवाल उठाए हैं। साथ ही, मानसिक उत्पीड़न की बात भी लिखी है। इसके अलावा मामा और मौसी के प्रति भी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने मामा और मौसी के लिए लिखा है कि बड़ों की लड़ाई में आप दोनों भी हमें भूल गए। हमारा ध्यान रखना भी आपका फर्ज था। सालों तक मतलब नहीं रखा और अकेला छोड़ दिया।




### डायरी के पेज मत फाड़ना...मैं अकेले मरती तो चरित्र पर उठते सवाल

गाजियाबाद, 3 अगस्त (एजेंसी)। अंजलि ने सुसाइड नोट में अपनी सौतेली मां को चेतावनी दी कि तुम्हारी चालबाजी और चतुराई से वह वाकिफ हैं। इसलिए डायरी पर लिखे ये पेज मत फाड़ना।

क्योंकि इनकी फोटो खींचकर मैंने कई लोगों को भेज दी है। तुम्हारी चतुराई पकड़ी जाएगी। मैं अकेली मरती तो मेरे चरित्र पर सवाल उठता। हम दोनों भाई-बहन मानसिक तनाव में हैं। अब समाज में नजरें उठाकर जीकर दिखाना।

## संयुक्त व्यापार संघ संघर्ष समिति द्वारा की बैठक, भ्रष्ट अधिकारी पर की एफआईआर की मांग



मुजफ्फरनगर, 03 अगस्त (बुस.)। संयुक्त व्यापार संघ संघर्ष समिति की एक बैठक संरक्षक कृष्ण गोपाल मित्तल के कुंदनपुरा स्थित प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई। बैठक में जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारियों को निशाना बनाकर किए जा रहे उत्पीड़न पर चर्चा की गई एवं अभी हाल ही में जीएसटी विभाग के एक अधिकारी द्वारा नगर के उद्यमी से 50 लाख रिश्वत मांगने के प्रकरण में भ्रष्ट अधिकारी पर एफआईआर की मांग की गई। संरक्षक कृष्ण गोपाल मित्तल व अध्यक्ष संजय मिश्रा ने कहा कि जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारियों को टारगेट बनाकर उनका शोषण करने का कार्य किया जा रहा है एवं प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही स्वर्णिम सरकार को बदनाम कराने का कार्य किया जा रहा है। अगर जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारियों का इस तरह से शोषण का कार्य जल्द बंद न किया, तो संयुक्त व्यापार संघर्ष समिति द्वारा इनके विरुद्ध सड़कों पर उतरने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में नगर के उद्यमी से रिश्वत मांगने का प्रकरण सामने आया था, जिसमें नगर के लोकप्रिय विधायक व स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा तुरंत संज्ञान लेते हुए उस भ्रष्टाचारी अधिकारी पर दंडात्मक कार्यवाही कराई गई। हम संयुक्त व्यापार संघ संघर्ष समिति की ओर से उनको बहुत बहुत साधुवाद प्रेषित करते है एवं व्यापारिक हितों की रक्षा करने हेतु उनका आभार प्रकट करते हैं एवं उनके माध्यम से सरकार से मांग करते हैं कि भ्रष्ट अधिकारी पर जल्द से जल्द मुकदमा कायम किया जाए। बैठक में संयुक्त व्यापार संघ संघर्ष समिति के संरक्षक कृष्ण गोपाल मित्तल, अध्यक्ष संजय मिश्रा, संयोजक सरदार बलविंदर सिंह, राकेश त्यागी, सुनील तायल, शलभ गुप्ता, पवन वर्मा, विशाल जैन, रमन शर्मा, सुखबीर सिंह, सुरेंद्र मित्तल, अरुण प्रताप, विक्की चावला, राजकुमार कालरा, जनार्दन विश्वकर्मा एवं पदाधिकारी तरुण मित्तल, रवि शर्मा, विजय प्रताप, सचिन शर्मा, देव भारद्वाज, शिव कुमार सिंघल, रोहित शर्मा, आशीष तोमर, राजेश साहनी, भूपेंद्र गोयल सहित अनेकों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पिता की अर्थी को बेटियों ने दिया कंधा, मेडिकल कॉलेज को देहदान कर निभाई अंतिम इच्छा

## -कानपुर में बेटियों ने निभाया बेटों का फर्ज, पिता की अंतिम इच्छा कर दी पूरी



कानपुर, 03 अगस्त (एजेंसी)। प्रदेश के कानपुर शहर से एक बेहद भावुक करने वाली खबर सामने आई है। यहां पांच बेटियों ने अपने पिता की मौत के बाद न सिर्फ उनकी अर्थी को कंधा दिया, बल्कि उनकी अंतिम इच्छा को भी पूरा करते हुए शव का देहदान मेडिकल कॉलेज को कर दिया। यह मामला शहर के अशोकनगर इलाके का है, जहां आईआईटी से रिटायर्ड आर के तिवारी के निधन के बाद बेटियों ने ऐसी मिसाल कायम की कि पूरा शहर देखता रह गया। जानकारी के अनुसार, अशोकनगर निवासी आर के तिवारी पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। शुक्रवार देर शाम उन्होंने अपने घर पर अंतिम सांस ली। निधन की सूचना मिलते ही घर में मातम छा गया, लेकिन उनकी पांचों बेटियों प्रियंका, पूनम, गीतांजलि, वसुधा और भावना ने खुद को संभालते हुए पिता की अंतिम यात्रा की पूरी जिम्मेदारी उठाई। पिता की अंतिम यात्रा में पांचों बेटियों ने बेटों की भूमिका निभाई। चार बेटियों ने अर्थी को कंधा दिया, वहीं पांचवीं बेटी ढपली बजाकर नम आंखों से पिता को श्रद्धांजलि देती रही। मोहल्ले के लोगों ने इस दृश्य को देखकर कहा कि यह सच्ची संतान धर्म की मिसाल है। आर के तिवारी अपनी बेटियों को हमेशा बेटों के बराबर मानते थे। वो अक्सर कहा करते थे कि मेरी बेटियां किसी बेटे से कम नहीं हैं। बेटियों ने पिता की इस सोच को साकार कर दिखाया। उन्होंने समाज को यह मजबूत संदेश दिया कि बेटियां अगर चाहें तो किसी भी जिम्मेदारी को बखूबी निभा सकती हैं। बेटियों ने अपने पिता की अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए उनका शव देहदान के लिए कानपुर मेडिकल कॉलेज को सौंपा। इसके लिए उन्होंने युग दधीचि संस्था के संस्थापक मनोज सेंगर से संपर्क किया। संस्था ने पूरी प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए कानपुर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजय काला से समन्वय कर देहदान को सफल बनाया। युग दधीचि संस्था के संस्थापक मनोज सेंगर ने बताया कि उन्हें बेटियों का फोन आया था कि पिता की अंतिम इच्छा शरीर का दान करना था। उन्होंने तत्काल मेडिकल कॉलेज के संबंधित विभाग से संपर्क कर सभी कागजात और सहमति पत्र पूरे कर शव को कॉलेज को सौंपा। उन्होंने कहा कि देहदान समाज में एक बड़ा संदेश देता है, और आर के तिवारी व उनकी बेटियों ने इसे अमल में लाकर प्रेरणा दी है। मेडिकल कॉलेज की ओर से आर के तिवारी के शव को प्राप्त करते समय एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। कॉलेज प्रशासन और छात्र-छात्राओं ने मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। कॉलेज प्रशासन ने कहा कि यह देहदान आने वाली पीढ़ियों के लिए शिक्षा का स्रोत बनेगा। मनोज सेंगर ने बताया कि यह संस्था का 303वां देहदान है। उन्होंने कहा कि आर के तिवारी और उनकी बेटियों ने जो मिसाल कायम की है, वह आने वाले समय में कई परिवारों को देहदान के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने बेटियों के साहस, संवेदनशीलता और संस्कार की सराहना करते हुए कहा कि यह घटना समाज में बेटियों की भूमिका को नई दृष्टि देती है। इस पूरे घटनाक्रम ने न केवल समाज में बेटियों की ताकत को उजागर किया बल्कि देहदान जैसी महान परंपरा को भी प्रोत्साहित किया है। आर के तिवारी की पांचों बेटियों ने एक स्वर में कहा कि उन्हें अपने पिता की अंतिम इच्छा पूरी कर गर्व है। उन्होंने यह भी अपील की कि ज्यादा से ज्यादा लोग देहदान की पहल करें ताकि समाज में मेडिकल शिक्षा और रिसर्च को मजबूती मिल सके।

## लात, घूंसा और थप्पड़, एयरपोर्ट पर क्यों भड़क गया आर्मी अफसर

श्रीनगर, 3 अगस्त (एजेंसी)। श्रीनगर एयरपोर्ट का एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक शक्स दो-चार लोगों को मारता दिख रहा है। खबर है कि मारने वाला कोई और नहीं बल्कि सेना का अफसर है। केबिन में ले जाने वाले बैग के मानक वजन से ज्यादा समान पर एयरलाइन के कर्मचारी और सेना के अफसर के बीच ये झड़प हुई। ये मामला 26 जुलाई का बताया जा रहा है। एयरलाइन ने उनके खिलाफ पुलिस केस दर्ज करवा दिया है। यह घटना स्पाइसजेट की दिल्ली जाने वाली उड़ान एसजी-386 में सवार होने के दौरान हुई। अधिकारी, जिनकी पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल के रूप में हुई है और जो वर्तमान में गुलमर्ग के हाई एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल में तैनात हैं। उन्होंने कथित तौर पर एयरलाइन कर्मियों पर तब हमला किया, जब उन्होंने उन्हें केबिन सीमा से अधिक सामान ले जाने पर अतिरिक्त शुल्क लगने की बात बताई।

NATIONAL MODERN JUNIOR HIGH SCHOOL
Muzaffarnagar
Requires:- Willing candidates to
Teach Maths And Science
From Class VI To VIII
You may contact us at School office from 9:00 am to 1:00 pm with your testimonials.
Principal
Contact No. 8791130889, 8791744664

## तेजस्वी यादव पर ईसी की नजर टेडी, 2 वोटर कार्ड रखने के मामले में जारी किया नोटिस




नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसी)। निर्वाचन आयोग ने बिहार के नेता विपक्ष तेजस्वी यादव को नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग ने तेजस्वी यादव को पत्र लिखकर उनके द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिखाए गए वोटर आईडी कार्ड की मांग की है, ताकि उसकी जांच हो सके। आयोग ने यह भी कहा कि जो ईपीआईसी नंबर तेजस्वी यादव ने दिखाया वह वैलिड नहीं है। तेजस्वी यादव के आरोपों पर ईआरओ ने जवाब मांगा है। ईआरओ ने कहा, "प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिखाया गया आईडी कार्ड आधिकारिक रूप से निर्गत प्रतीत नहीं होता है। ऐसे में इसकी जांच की जरूरत है। मालूम हो कि बिहार में एसआईआर के बाद जारी ड्राफ्ट रोल पर सवाल उठाते हुए तेजस्वी यादव ने कहा था कि मेरा नाम काट दिया गया है। बाद में जब प्रशासन ने तेजस्वी के दावे का खंडन किया था। तब तेजस्वी ने कहा था कि मेरा ईपीआईसी नंबर बदल दिया गया है। अब चुनाव आयोग तेजस्वी द्वारा दिखाए गए ईपिक नंबर और वोटर कार्ड की जांच करेगा।

## रूस के कामचटका में फिर आया तेज भूकंप, रिक्टर स्केल पर 6.8 रही तीव्रता

मास्को, 3 अगस्त (एजेंसी)। रूस के कमचटका के पूर्वी तट पर रविवार को एक बार फिर 6.8 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। यह झटका उस भूकंपों की श्रृंखला का हिस्सा है जो बुधवार से इस क्षेत्र में लगातार आ रहे हैं, जिसके कारण कई देशों में सुनामी की लहरें उठीं। इसमें पूर्वी इंडोनेशिया भी शामिल है। मौसम विज्ञान जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी ने इसकी 6.8 बताई है। इटक्ऋके भूकंप और सुनामी केंद्र के निदेशक दायोनी ने भूकंप के बाद एक बयान में कहा कि इस भूकंप से इंडोनेशिया में सुनामी का कोई खतरा नहीं है। उन्होंने तटीय इलाकों के लोगों से शांति बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, अब तक भूकंप के कारण किसी भी इमारत के क्षतिग्रस्त होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

## भारत-पाक मैच की तारीख का ऐलान

नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच एशिय कप में होने वाले मैच को लेकर काफी असमंजस था। जहां एक और पहलगाम में हुए आंतकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ न खेलने की बातें हो रही थी, तभी वर्ल्ड चैंपिंस लीग में पूर्व खिलाड़ियों के पाकिस्तान के खिलाफ न खेलने के फैसले ने इसे और हवा दी। एशिया कप पर नजरें बनी थी और कहा जा रहा था कि इस टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान का मैच नहीं होना चाहिए। हालांकि, एशियन क्रिकेट काउंसिल ने तय किया है कि ये मैच होकर रहेगा। इस मैच को लेकर राजनीति माहौल काफी गरमाया हुआ है। पूरे जोर-शोर से इसकी आलोचना की जा रही है और कहा जा रहा है कि क्रिकेट मैच पहलगाम हमले में मारे गए भारतीय लोगों से बड़ा नहीं है, लेकिन इन आलोचनाओं का कोई असर नहीं पड़ा है। एसीसी ने शनिवार को शेड्यूल का ऐलान कर दिया है और 14 सितंबर को भारत-पाकिस्तान मैच रखा है। इस बार एशिया कप टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा, क्योंकि अगले साल टी-20 वर्ल्ड कप है। आगामी वर्ल्ड कप के हिसाब से एशिया कप के फॉर्मेट में बदलाव होता है। पिछला एशिया कप-2023 में खेला गया था, जो वनडे फॉर्मेट में था, क्योंकि उसी साल भारत में वनडे वर्ल्ड कप होना था।




# देसी शराब की दुकान पर करता था काम, नशे में गडकरी के घर को उड़ाने की दे दी धमकी



नागपुर, 03 अगस्त (एजेंसी)। नागपुर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नागपुर स्थित आवास को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। आरोपी की पहचान उमेश विष्णु राउत के रूप में हुई है, जो मेडिकल चौक स्थित एक देसी शराब की दुकान में काम करता है। शनिवार को नागपुर पुलिस नियंत्रण कक्ष को एक कॉल प्राप्त हुआ, जिसमें कहा गया कि गडकरी का आवास 10 मिनट में बम से उड़ाया जाएगा। यह कॉल 112 हेल्पलाइन नंबर पर की गई थी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कॉल करने वाले की पहचान की और उसे बीमा क्लिनिक, सक्करदरा से गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि उमेश राउत ने यह कॉल शराब के नशे में किया था। पुलिस का मानना है कि यह एक शरारती कॉल थी, लेकिन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मामले को गंभीरता से लिया गया। आरोपी से पूछताछ जारी है और पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उसके पीछे कोई और मकसद था या नहीं। इस घटना के बाद गडकरी के आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## लखनऊ में बीजेपी की बड़ी बैठक, सीएम योगी और सभी जिलाध्यक्ष होंगे शामिल

**लखनऊ, 3 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी ने आज सुबह एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक बुलाई है। यह बैठक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमतीनगर में सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में प्रदेश के प्रमुख नेताओं से लेकर जिलाध्यक्षों और मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं तक का जमावड़ा हो रहा है। माना जा रहा है कि इस बैठक में आगामी महीनों में होने वाले विभिन्न आयोजनों, चुनावी रणनीतियों और 'हर घर तिरंगा' जैसे अभियानों को लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक की अहमियत इस बात से भी झलकती है कि इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं भाग लेंगे। इसके अलावा डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य भी बैठक में उपस्थित रहेंगे। तीनों शीर्ष नेता मिलकर संगठन को न केवल दिशा देंगे, बल्कि हालिया राजनीतिक घटनाक्रमों की पृष्ठभूमि में भविष्य की रूपरेखा भी तैयार करेंगे।

## 1494 युवाओं को मिली नियुक्ति, योगी बोले-अब यूपी में कानून का राज है

**लखनऊ, 3 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी पुलिस के दूरसंचार विभाग में चयनित 1494 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब भर्तियां पूरी तरह पारदर्शी तरीके से हो रही हैं और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि '2017 से पहले प्रदेश में लचर कानून-व्यवस्था, भाई-भतीजावाद और एक ही परिवार का शासन चलता था।' उन्होंने बताया कि उस दौर में गुंडाराज, आतंकी हमले, और युवाओं का पलायन आम बात थी। सीएम ने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार कानून व्यवस्था, रोजगार और विकास के हर मोर्चे पर युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर दे रही है।

## सीओ अनुज चौधरी को मिलेगा प्रमोशन, बनेंगे एडिशनल एसपी

**संभल, 3 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के चर्चित पुलिस अधिकारी अनुज चौधरी को प्रमोशन मिलने जा रहा है। सरकार उन्हें एडिशनल एसपी बनाने की तैयारी कर चुकी है। विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक में उनका नाम अंतिम रूप से शामिल कर लिया गया है। अब बस औपचारिक आदेश जारी होना बाकी है। 2012 बैच के पीपीएस अधिकारी अनुज खेल कोटे से पुलिस सेवा में आए और अब इस कोटे से एडिशनल एसपी बनने वाले पहले अफसर होंगे। जानकारी के मुताबिक, सीओ से एडिशनल एसपी बनने के लिए 12 साल की सेवा जरूरी होती है। इस बैच में केवल अनुज चौधरी ने यह सेवा अवधि पूरी की है।



## प्रशासन की गलती या नासमझी, प्रत्याशी कहती रही वो हारी है, लेकिन प्रशासन ने दिया जीत का सर्टिफिकेट

**चंपावत, 3 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तराखंड में अभी पंचायत चुनाव संपन्न हुए हैं। ऐसे में एक ऐसा मामला सामने आया वो भी सीएम धामी के विधानसभा क्षेत्र से। मामला चम्पावत के सीमांत तरकुली गांव का है। ग्राम प्रधान पद पर जीत का प्रमाण पत्र हासिल करने वाली प्रत्याशी काजल बिष्ट का दावा है कि वह हारी हैं। उन्हें गलती से जीता हुआ घोषित किया गया है। काजल खुद ही रिटर्निंग अफिसर के पास पहुंचकर बोली- साहब! मैं चुनाव नहीं जीती हूं, मेरा जीत का प्रमाण पत्र वापस ले लीजिए। काजल बिष्ट का कहना है कि वोटों की गिनती में वह अपने प्रतिद्वंद्वी सुमित कुमार से 3 वोटों से हार गई थी। इसके बाद वह मतगणना स्थल से बाहर चली गई थी, लेकिन शाम को समर्थकों ने फोन कर बताया कि उनका नाम विजेता के तौर पर पुकारा जा रहा है और प्रमाण पत्र लेने के लिए बुलाया जा रहा है। जब वह वापस पहुंची तो उन्हें ग्राम प्रधान का जीत का प्रमाण पत्र सौंपा गया। काजल का दावा है कि विजेता सुमित कुमार हैं। उन्हें गलती से विजयी बताया गया है। उन्होंने निर्वाचन आयोग की लापरवाही बताते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की।

## यूसीसी को लेकर पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ बोले- अब पूरे देश में लागू होना चाहिये

**नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसी)।** पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि संविधान में समान नागरिक संहिता की इच्छा व्यक्त की गई है।



संविधान के 75 साल बाद अब समय है कि इस लक्ष्य को हासिल किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यह कदम देश की सभी जातियों, समुदायों और वर्गों को विश्वास में लेकर ही उठाया जाना चाहिए। पूर्व सीजेआई शनिवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर की नई किताब 'आवर लिविंग कान्सटीट्यूशन' के विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान देश को स्थिरता प्रदान करने वाली सबसे बड़ी ताकत है। यह संविधान विभिन्न समुदायों, धर्मों, क्षेत्रों और संस्कृतियों को एक सूत्र में जोड़कर भारत को एक राष्ट्र के रूप में गढ़ता है। संविधान पर कथित खतरे और संवैधानिक संस्थाओं को लेकर विपक्ष की चिंता पर उन्होंने कहा कि संविधान हमेशा के लिए है। पिछले 75 वर्षों में शासन, महामारी और आंतरिक-बाहरी चुनौतियों के कई दौर आए, लेकिन संविधान ने देश को स्थिरता देने का काम किया।

# कूड़े के विरोध में एमआरएफ सेंटर कराया बंद, दिया धरना

## कूड़ा लेकर पहुंची कंपनी टीम का घेराव, रुड़की चुंगी पर हंगामा

**मुजफ्फरनगर, 03 अगस्त (बु.)।** पालिका द्वारा गीला और सूखा कूड़ा अलग करने के लिए ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में चलवाये जा रहे मल्टी रिकवरी फैसिलिटी सेंटर संचालन को लेकर विवाद गहरा गया है। रविवार सुबह कूड़ा लेकर एमआरएफ सेंटर में पहुंची जेएस एनवायरो सर्विसेज की टीम का स्थानीय लोगों ने घेराव करते हुए विरोध किया, वहीं सेंटर का रास्ता भी बंद कर दिया। इस बीच किसान संगठन के लोगों के साथ धरना शुरू करते हुए क्षेत्र के लोगों ने एमआरएफ सेंटर न चलने देने की चेतावनी दी। इसे लेकर घंटों तक हंगामा चलता रहा।



नगरपालिका परिषद् की ओर से रुड़की चुंगी वार्ड 15 एकता विहार में दो एमआरएफ सेंटर स्वच्छ भारत मिशन योजना में स्थापित कराये हैं। इनमें से एक एमआरएफ सेंटर चालू है, जिसमें कूड़ा उठान व निस्तारण के लिए पालिका द्वारा जेएस एनवायरो सर्विसेज प्रा. लि. नई दिल्ली से 3 वर्ष का अनुबंध किया गया है। कंपनी को एमआरएफ सेंटर भी चलाकर गीला व सूखा कूड़ा अलग करते हुए निस्तारण कराना है। कंपनी ने रुड़की चुंगी एमआरएफ सेंटर चलवाना भी शुरू कर दिया था। कांवड़ यात्रा के बीच इसे सुचारू नहीं रखा गया। अब कंपनी के लोग जब यहां पर सेंटर संचालन को कूड़ा लेकर पहुंचे, इसी बीच स्थानीय लोगों ने कूड़ा न पहुंचने दिया और वहां प्रदर्शन करते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर ऑपरेशन नितेश चौधरी ने बताया कि वो रविवार सुबह दस गाड़ियों से सूखा कूड़ा लेकर एमआरएफ सेंटर पहुंचे, तो लोगों द्वारा सेंटर की ओर जाने वाला रास्ता बंद कर दिया गया। महिला-पुरुषों की भीड़ ने टीम का घेराव करते हुए विरोध शुरू कर दिया। इस बीच किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ता भी यहां पहुंचे और उन्होंने नारेबाजी करते हुए धरना शुरू कर दिया। हंगामे और विरोध की जानकारी मिलने पर पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने अधिकारियों को अवगत कराया और कुछ ही देर में रुड़की चुंगी चौकी इंचार्ज एसआई नीरज कुमार फोर्स के साथ वहां पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन हंगामा जारी रहा। ईओ डॉ. प्रज्ञा ने बताया कि कांवड़ यात्रा के पूर्व से ही कंपनी एमआरएफ सेंटर का संचालन कर रही है, कांवड़ यात्रा में यहां भीड़ के कारण सेंटर संचालन सुचारू नहीं हो पाया था, जिससे लोगों में रोष है। कांवड़ के बाद कंपनी सेंटर नहीं चला रही थी, ऐसे में नोटिस देकर जवाब मांगा था। इसी बीच रविवार को अचानक कंपनी के लोग कूड़ा लेकर पहुंच गए। स्थानीय लोगों से वार्ता की, सोमवार को वार्ड के लोगों को वार्ता के लिए बुलाया है। आपसी सहमति बनाकर सेंटर संचालन शुरू करेंगे।

# मंदबुद्धि युवक को चोर समझकर पीटा, अफवाह फैलाने पर तीन गिरफ्तार

**मीरापुर, 3 अगस्त (बु.)।** गांव कैलापुर जसमेर में मंदबुद्धि युवक को चोर बताकर पीटने वाले और अफवाह फैलाने वाले तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मीरापुर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि रतनपुरी थानाक्षेत्र के गांव पुरबालियान निवासी 55 वर्षीय सुभाष पुत्र बिरम सिंह मंदबुद्धि है तथा शनिवार की रात वह घूमते हुए गांव कैलापुर जसमेर में आ गया था, जिसको देखकर यहाँ के अजय गिरी, संदीप व मांगेराम ने जान बूझकर चोर-चोर की अफवाह फैलाते हुए शोर मचा दिया तथा गांव के लोगों को एकत्र कर लिया। ग्रामीणों ने सुभाष से पूछताछ की, तो वह कुछ नहीं बता पाया, तो ग्रामीणों ने उसकी बुरी तरह पिटाई कर दी तथा पुलिस को भी चोर पकड़ने की सूचना दे दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने उससे पूछताछ की तो उसके मंदबुद्धि होने की जानकारी लगी, जिस पर पुलिस ने उसके परिजनों को अवगत कराया, पुलिस ने गांव में चोर-चोर की झूठी अफवाह फैलाने वाले तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया तथा तीनों का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया।



## गांव-गांव जाकर आमजन से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील कर रही पुलिस

**मुजफ्फरनगर, 3 अगस्त (बु.)।** ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि के समय बदमाश देखे जाने व ड्रोन दिखने की सूचनाएं फैलाई जा रही हैं, जिसको लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल फैल रहा है तथा लोग गांवों में पूरी पूरी रात पहरा देने को मजबूर हैं। इसी को लेकर पुलिस द्वारा गांव-गांव में जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इतना ही नहीं पुलिस द्वारा पीआरवी वाहनों से अनाउंसमेंट कराया जा रहा है और आमजन से अपील की जा रही है कि वह अफवाहों पर ध्यान न दें। इसके अलावा पुलिस ने रात्रि में गश्त भी बढ़ा दी है। जिस भी क्षेत्र या गांव में इस तरह की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई है, वहां पर डायल 112 व सम्बन्धित थाना प्रभारी द्वारा लगातार गश्त की जा रही है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी अपने क्षेत्रों में गांव-गांव जाकर ग्राम प्रधान व संभ्रांत लोगों से बातचीत कर अफवाहों पर ध्यान न दिए जाने की अपील की जा रही है। सोशल मीडिया पर यदि ऐसा कोई वीडियो या सूचना प्राप्त होती है, तो उसका सत्यापन करने के लिए इसकी सूचना पुलिस व ग्राम प्रधान को दें, जिसे समय रहते जांच कर कार्यवाही की जा सके।

## सारी रात मचा रहा चोरों के आने का शोर

**मीरापुर।** कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र में बीते शनिवार रात होते ही चोर-चोर की अफवाह फैल जाती है। लोग रात्रि में पहरा दे रहे हैं, किन्तु अभी तक किसी ने चोर नहीं देखा, जिसके चलते पुलिस को भी लगातार परेशानी हो रही है, रात में चोर-चोर चिल्लाने और अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस ने कठोर कार्यवाही करनी शुरू कर दी। पुलिस से लोगों से भी अफवाहों से दूर रहने की अपील की है।

# कभी पीएम पर आरोप तो कभी सीएम पर निशाना, अब छीना जाएगा सपाईयों का अलीशान सस्ता वाला ठिकाना...

## करोड़ों की कोठी का मात्र 250 रुपये किराया, अब छीना जाएगा आलीशान बंगला

**मुरादाबाद, 3 अगस्त (बु)।** अपने आपको बिल्कुल निष्पक्ष और ईमानदार बताने वाले सपा नेताओं की अब पोलों से पर्दा उठने लगा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव को आपने कई बार देखा होगा कि पीएम और सीएम योगी आदित्यनाथ पर वो बिना किसी तथ्य और सोचे समझे कुछ भी आरोप लगा देते हैं, लेकिन अब वो राज खुल रहे हैं, जो अपनी सरकारों में यह करते आये हैं। समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव को 3 दशक पहले आवंटित की गई मुरादाबाद की आलीशान कोठी प्रशासन वापस लेने जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि यह संपत्ति कई साल पहले समाजवादी पार्टी को किराए पर दी गई थी, लेकिन अधिकतम 15 साल तक किराए पर देने का ही प्रावधान होता है। जिलाधिकारी अनुज सिंह के अनुसार, हमने नोटिस जारी कर कोठी खाली करने को कहा है। सिविल लाईंस जैसे पॉश इलाके में स्थित यह कोठी 250 रुपये प्रतिमाह किराए पर सपा को दी गई थी। 13 जुलाई 1994 को आवंटित ये बंगला करीब 1000 वर्ग मीटर में फैला है, जो कभी समाजवादी पार्टी की पहचान था।





31 साल पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को दी गई कोठी का आवंटन निरस्त कर दिया गया है। वर्तमान में यहां सपा का जिला कार्यालय है। इस संपत्ति का बाजार मूल्य करोड़ों हो चुका है। कहा जा रहा है कि प्रशासन ने कोठी का आवंटन इसलिए निरस्त कर दिया, क्योंकि मुलायम सिंह के निधन के बाद इसका नामांतरण नहीं कराया गया।

### डीएम बोले-अधिकतम 15 वर्ष किराए पर देने का है नियम

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के जिलाधिकारी अनुज सिंह का कहना है कि नगर निगम की कोठी को अधिकतम 15 वर्ष के लिए ही किराए पर देने का नियम है। यह कोठी 3 दशक से भी अधिक वक्त से सपा के पास है। वर्तमान समय में विभिन्न सरकारी परियोजनाओं के लिए भी भवनों की जरूरत है। इसलिए वर्तमान की आवश्यकताओं को देखते हुए ही सपा को इस भवन को खाली करने का नोटिस जारी किया गया है।





### लगेगा प्रतिदिन 1000 रुपए का जुर्माना

**मुरादाबाद।** आपको बता दें कि प्रशासन अब सपा की मनमानी को हल्के में लेने के मूड में बिल्कुल नहीं है। इस सम्बंध में 30 जुलाई 2025 को एडीएम की ओर से सपा के जिलाध्यक्ष को नोटिस जारी किया गया। इसमें एक माह के भीतर कोठी खाली कर प्रशासन को सौंपने को कहा गया है। ऐसा न करने पर किराया वसूली के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। समय अवधि पूरी होने पर प्रतिदिन हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

# रोडवेज डिपो से बारह गैर हाजिर परिचालकों को नौकरी से निकाला

**मुजफ्फरनगर, 03 अगस्त (बु.)।** परिवहन निगम ने ड्यूटी के प्रति लापरवाह परिचालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक दर्जन परिचालकों को नौकरी से निकाल दिया। रोडवेज बसों के संचालन में संविदा व आउटसोर्स से चालकों व परिचालकों को रखा है। इनमें से 12 परिचालक जनवरी माह से लापरवाही बरतते हुए ड्यूटी पर नहीं आ रहे थे। ऐसे में इन परिचालकों के कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें नौकरी से बाहर कर दिया गया। वरिष्ठ केंद्र प्रभारी पूनम तोमर व संचालन प्रभारी निशांत राठी ने बताया कि संविदा परिचालक अभिषेक द्विवेदी 23 जनवरी, नंदजी यादव 30 अप्रैल, रविन्द्र कुमार 14 फरवरी, विनोद कुमार 10 फरवरी, सोनू शर्मा 27 अप्रैल रविंद्र कुमार 29 मई से गैर हाजिर चल रहे हैं। वहीं आउटसोर्स से रखे परिचालक अमित कुमार 31 मई, मुकेश कुमार 13 मई, प्रदीप कुमार 27 अप्रैल, ऋषभ सिंह 11 मई, विकास 7 मई व अंकुर 5 मई से गैर हाजिर हैं। इन सभी को ड्यूटी पर बुलाने के लिए कई बार बुलावा पत्र भेजे गए। इसके बाद भी यह कर्मी ड्यूटी पर नहीं आए। ऐसे में मुजफ्फरनगर डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभात कुमार सिन्हा ने बारह कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाह कर्मियों को ड्यूटी पर नहीं लिया जाएगा।

## पुलिस ने संजय हत्याकांड का किया खुलासा

**खतौली, 3 अगस्त (बु.)।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अन्ती निवासी संजय पुत्र चतर सिंह की गोली लगने से गत 31 जुलाई को हत्या हो गयी। संजय की हत्या जहां गन्ने के खेत में घुसे बदमाशों द्वारा किया जाना बताया जा रहा था वहीं हत्याकाण्ड के बाद मृतक के चचेरे भाई धर्मवीर सिंह द्वारा एक अगस्त को कोतवाली में तहरीर दी, जिसमें उल्लेख किया गया कि संजय की लाईसेंसी बंदूक से ही उसके पुत्र प्रिंस से अचानक गोली चल गयी थी, बंदूक की गोली लगने से ही संजय की मौत हो गयी। कोतवाली पुलिस द्वारा तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर नामजद आरोपी की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गयी थी, जिसके अन्तर्गत कोतवाली पुलिस द्वाा रविवार को गांव गदनपुरा क्षेत्र के अन्ती चौराहा से वांछित अभियुक्त प्रिंस को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डबल बैरल बरामद कर अग्रिम कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मुकेश कुमार, मनोज सिंह, किशोर कुमार शामिल रहे।



# चैक बाउंस में सपा नेता अलीम सिद्दीकी को जेल

**मुजफ्फरनगर, 3 अगस्त (बु.)।** समाजवादी पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष अलीम सिद्दीकी ने एक साल पूर्व एक व्यक्ति को दो लाख रुपए का चैक दिया। व्यक्ति ने जब उक्त चैक भुगतान के लिए सम्बंधित बैंक में जमा कराया तो बैंक ने उन्हें बताया कि उक्त सपा नेता अलीम सिद्दीकी के खाते में भुगतान के लिए धन ही अपर्याप्त है यानि चैक बाउंस हो गया। उक्त मामले में थाना सिविल लाइन पुलिस ने चैक बाउंस मामले में सपा नेता को गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट ने सपा नेता के गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। रविवार को पुलिस ने सपा नेता अलीम सिद्दीकी का चालान कर दिया । आपको बता दें कि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व महानगर अध्यक्ष अलीम सिद्दीकी ने एक साल पूर्व एक व्यक्ति को दो लाख रुपए का चैक दिया था, परन्तु बैंक में भुगतान हेतु धनराशि अपर्याप्त होने के कारण उक्त चैक बैंक से बाउंस हो गया। इस पर पीड़ित व्यक्ति ने एक साल पूर्व सपा नेता के खिलाफ एनआई एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया था। उक्त मामले में थाना प्रभारी सिविल लाइन आशुतोष कुमार सिंह का कहना कि अलीम सिद्दीकी को कई बार कोर्ट से नोटिस जारी किया था, लेकिन उसने कोई जवाब दाखिल नहीं किया। कोर्ट ने उसके बाद उसके गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। इसी के चलते सपा नेता अलीम सिद्दीकी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनका चालान कर दिया है। सपा नेता की गिरफ्तारी से पार्टी में रोष व्याप्त है।



## स्मार्ट सिटी के नाम पर भाजपा ने बजट का बंदरबांट किया : अखिलेश

**लखनऊ 03 अगस्त (वार्ता)** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार में लूट और भ्रष्टाचार को चरम पर बताते हुए कहा है कि इस सरकार में हर विभाग और हर कार्य में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी है। भाजपा सरकार ने स्मार्ट सिटी के नाम पर बजट का जमकर बंदरबांट किया है। उन्होंने कहा कि राजधानी लखनऊ समेत भाजपा सरकार द्वारा घोषित स्मार्ट शहरों में जगह-जगह गड्ढे.में जलभराव होने से लोगों का जनजीवन खतरे में है। नालों में गिर कर लोगों की मौते हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में 20 हजार करोड़ खर्च करने के बाद प्रयागवासियों को जलभराव की समस्या झेलना पड़ रहा है।

# उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव : प्रस्तावित वार्ड परिसीमन को दर्ज कराई गई 27 आपत्तियां

**मुजफ्फरनगर, 03 अगस्त (बु.)।** उत्तर प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की शुरू प्रक्रिया के बीच जनपद में ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत के वार्डों के परिसीमन को लेकर आपत्तियां मांगी गई थी। इसमें अब तक वार्डों के परिसीमन को लेकर जिले में कुल 27 आपत्तियां विभाग में दर्ज कराई गई है। इसमें से जिला पंचायत के विभिन्न वार्डों को लेकर 26 आपत्ति दर्ज कराई गई, जबकि बीटीसी को लेकर मात्र एक आपत्ति आई है। शासन द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में अब 5 अगस्त तक डीएम की ओर से गठित समिति के समक्ष सुनवाई करते हुए उक्त सभी आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। जनपद में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर प्रस्तावित वार्ड परिसीमन पर शनिवार को आपत्ति दर्ज कराने का अंतिम दिन रहा। नए प्रस्तावित परिसीमन के बाद जनपद में जिला पंचायत के वार्डों में कटौती हुई है। पूर्व में जिला पंचायत के 43 वार्ड थे, लेकिन अब 3 वार्ड की कटौती हुई है। अब जिला पंचायत में 40 वार्ड रह गए हैं। विभाग द्वारा जारी किए नए परिसीमन में वार्ड संख्या 4, 5, 6 और 7 में परिवर्तन हुआ है, वहीं दूसरी ओर 11 गांव नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर में शामिल होने पर जिले में 487 ग्राम पंचायत अब शेष रह गई है। वार्डों के प्रस्तावित परिसीमन को लेकर मांगी आपत्तियों के बीच इन 5 दिनों में जिला पंचायत के वार्ड 1, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 26, 33, 29, 30, 31, 36, 37, 38 में कुल 26 आपत्तियां आयी है। वहीं चरथावल बीडीसी के वार्ड 11 में एक आपति आई है। इस तरह कुल 27 आपत्तियां प्राप्त हुई है। जिला पंचायत राज अधिकारी रेणु श्रीवास्तव ने कहा कि प्राप्त हुई तमाम आपत्तियों का 5 अगस्त तक निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 6 से 10 अगस्त तक परिसीमन वार्ड सूची का अंतिम प्रकाशन कराया जाएगा।

## नेपाली लड़की पर हैवानियत, चोर समझकर लाठी-डंडों से पिटाई

**बरेली, 3 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बरेली में एक नेपाली लड़की सुष्मिता उर्फ काजल के साथ अमानवीय घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। सुष्मिता, जो नोएडा में नौकरी करती है, अपने दोस्तों से मिलने बरेली आई थी। बीती रात थाना किला क्षेत्र के बारादरी मोहल्ले में कुछ लोगों ने उसे चोर समझकर बेरहमी से पीटा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसने स्थानीय लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है। सुष्मिता पर हमलावरों ने बाल पकड़कर लाठी-डंडों से जमकर पिटाई की। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि हमलावरों में से एक ने फावड़ा लेकर उसकी हत्या की कोशिश की। सुष्मिता बार-बार हाथ जोड़कर रहम की भीख मांगती रही और पुलिस बुलाने की गुहार लगाती रही, लेकिन हमलावरों ने उसकी एक न सुनी। इस क्रूर पिटाई में सुष्मिता का पैर और दांत टूट गए। उसकी हालत बेहद गंभीर हो गई।



## श्रद्धालुओं से भरी पिकअप खाई में गिरी, 29 घायल 6 गंभीर

**संतकबीरनगर 03अगस्त(वार्ता)** उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के धनघटा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह श्रद्धालुओं से भरी पिकअप के पलटने से 29 घायल हो गये। गोरखपुर जनपद के बांसगांव थाना क्षेत्र के भैंसरानी गांव से श्रावण मास के अवसर पर 29 श्रद्धालु पिकअप वाहन से अयोध्या दर्शन के लिए रवाना हुए थे। जैसे ही वाहन संतकबीरनगर जिले के डुहिया पुल के समीप पहुंचा, वैसे ही वह अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरा। मोड़ पर गति तेज होने से अनियंत्रित हुई। इस भीषण हादसे में पिकअप सवार कुल 29 श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों को तुरंत इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैंसर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद 6 गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल खलीलाबाद रेफर कर दिया गया। इनमें से चार श्रद्धालुओं की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल के डाक्टरों ने गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# गौतम बुद्ध के अवशेष 127 साल बाद भारत लाए गए, नीलामी रुकवाकर लाई मोदी सरकार

**नई दिल्ली, 3 अगस्त (एजेंसी)।** दुनियाभर में शांति का संदेश देने वाले गौतम बुद्ध से जुड़े कुछ अवशेष 127 साल बाद भारत लाए गए हैं। ये अवशेष उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले के पिपरहवा नामक जगह पर एक स्तूप की खुदाई के दौरान 1898 में मिले थे। इन अवशेषों को विलियम क्लॉक्सटन पेप्पे नाम का एक अंग्रेज अधिकारी अपने साथ ब्रिटेन लेकर चला गया था। ये अवशेष उसके निजी संग्रह में शामिल थे, लेकिन इस साल इनकी हांगकांग में नीलामी की सूचना मिली। इस पर भारत सरकार सक्रिय हुई और नीलामी रुकवाकर इन्हें भारत लाई है। इन अवशेषों के भारत लाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रसन्नता जताई है। प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान बुद्ध के पिपरहवा अवशेषों को भारत वापस लाए जाने पर खुशी जताते हुए इसे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि यह घटना 'विकास भी, विरासत भी' की भावना को साकार करती है। यह भारत की आध्यात्मिक परम्पराओं को संजोने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, "हमारी सांस्कृतिक विरासत के लिए एक आनंददायक दिन! यह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है कि भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा अवशेष 127 साल बाद भारत लौटे हैं। ये अवशेष भारत की भगवान बुद्ध और उनकी शिक्षाओं से गहरे जुड़ाव को दर्शाते हैं। यह हमारी समृद्ध संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को संरक्षित और सुरक्षित रखने की प्रतिबद्धता को भी उजागर करता है।



# वाह री बहू... सास को कांवड़ में बैठाकर 132 किलोमीटर की कर रही यात्रा

**मुरादाबाद, 3 अगस्त (एजेंसी)।** इन दिनों हरिद्वार से निकलने वाले सभी रास्ते शिव के रंग में रंगे हैं। शिवभक्त कांवड़िए कांवड़ में गंगाजल भरकर अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। विभिन्न प्रकार की झांकियों वाली कांवड़ हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। एक कांवड़ ऐसी भी देखने को मिली, जो फेसबुक इंस्टाग्राम पर रील बनाने वाली बहुओं के लिए भी संदेश दे रही है। इतना ही नहीं उन बहुओं को भी नसीहत दे रही है, जो अपने सास-ससुर को वृद्धाश्रम भेज रही हैं। हरियाणा के करनाल की अंजली अपनी बूढ़ी सास को कांवड़ में बैठाकर तीर्थ यात्रा करा रही है। पति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपनी सास को हरिद्वार से अपने गंतव्य की ओर जा रही है। सास बहू के प्यार की यह कांवड़ हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। इसी प्रकार एक कांवड़ ऐसी भी देखने को मिली, जिसमें पति-पत्नी इसलिए कठिन परिश्रम कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें उनकी प्रेम कहानी को एक रिश्ता मिल गया। यानी दोनों की शादी हो गई, वह भी परिवार वालों की रजामंदी से। बता दें कि सावन में हर तरफ शिव भक्ति की लहर देखी जा रही है। वातावरण बोल बम के जयकारों से गूंज रहा है। रंग-बिरंगी कांवड़ लिए श्रद्धालु अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। कांवड़ यात्रा में एक ऐसी झलक देखने को मिली, जिसने लोगों के दिलों को छू लिया। हरियाणा के करनाल जिले की रहने वाली अंजली अपनी भक्ति और सेवाभाव से ऐसी मिसाल कायम कर रही है कि सड़क पर चल रहे लोग भी रुककर श्रद्धा से नतमस्तक हो रहे हैं। अंजली अपने पति के साथ, सास प्रसन्नि देवी को तीर्थयात्रा करा रही है। हर की पौड़ी हरिद्वार से कावड़ में गंगा जल भरकर देवों के देव महादेव का जलाभिषेक करने के लिए 132 किलोमीटर का सफर तय कर रही है। खास बात ये है कि अंजली कांवड़ में अपनी बुजुर्ग सास को बैठाकर अपने पति बलवान के साथ चल रही है।



## अमेरिका में खालिस्तान का विरोध कर रहे थे सुखी चहल, दोस्त के घर डिनर के बाद मौत



**कैलिफोर्निया, 3 अगस्त (एजेंसी)।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में रहने वाले मशहूर बिजनेसमैन और एंटी खालिस्तानी सुखी चहल की रहस्यमय तरीके से मौत हो गई। सुखी चहल खालसा टुडे के संस्थापक और सीईओ थे, जो अमेरिका में भारत समर्थक विचारधारा को बढ़ावा देने और खालिस्तानी नेटवर्क के खिलाफ मुखर रहने के लिए जाने जाते थे। चहल ने लगातार खालिस्तानियों के खिलाफ आवाज उठाई, उन्हें अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया और भारतीय प्रवासियों को इन कट्टरपंथी गतिविधियों से दूर रहने की सलाह दी। सुखी चहल की मौत गुरुवार की रात कैलिफोर्निया में एक जान-पहचान के व्यक्ति के घर डिनर के तुरंत बाद हुई। उनके करीबी मित्र जसपाल सिंह के अनुसार खाना खाने के कुछ ही देर बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इससे पहले वह पूरी तरह स्वस्थ थे। यह अप्रत्याशित घटना उस समय घटित हुई, जब चहल 17 अगस्त को वाशिंगटन में होने वाले खालिस्तान जनमत संग्रह का जोरदार विरोध कर रहे थे।

# भारी बारिश से प्रयागराज में हालात हुए खराब, एक मंजिल तक घर डूबे

**प्रयागराज, 3 अगस्त (एजेंसी)।** प्रयागराज में हो रही भारी बारिश के कारण जो बाढ़ की स्थिति बनी है, उससे जीवन अस्त-व्यस्त है। गंगा और यमुना का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर चल रहा है। इसी कारण गंगापार और यमुनापार के 250 गांव शहर से कट गए हैं। रास्ते बाढ़ के पानी में डूबे हैं। यहां रहने वाले 10 लाख लोगों को अब नाव का ही सहारा बचा है। कहीं पानी में लाश उतराती दिख रही है, तो कहीं जानवरों को बांधने की भी जगह नहीं बची। 10 हजार घरों में बाढ़ का पानी घुस चुका है, ग्राउंड फ्लोर डूबे हुए हैं। लोग अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित जगह शिफ्ट हो रहे हैं। इन गांवों को बिजली सप्लाई करने वाले 33 केवीए बिजली सब स्टेशन डूब चुके हैं। 200 गांवों की बिजली गुल है। इन इलाकों में रहने वाले लोग सिर्फ मोबाइल चार्ज करने के लिए 2 घंटे नाव से सफर कर शहर जाते हैं। अनुमान है कि गंगा-यमुना से सटे इलाकों में रहने वाले शहर के 5 लाख लोग भी प्रभावित हैं।



### *प्रयागराज में रेड अलर्ट, 8 जिलों में भी चेतावनी*

***प्रयागराज।*** *मौसम विभाग ने रविवार तड़के चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि प्रयागराज समेत आसपास के जिलों में अगले तीन घंटे बारिश होगी। प्रयागराज समेत अमेठी, भदोही, फतेहपुर, जौनपुर, कौशांबी, मिजार्पुर, प्रतापगढ़ और रायबरेली, में कुछ स्थानों पर बारिश, आंधी और बिजली गिरने की आशंका है। इस चेतावनी के तुरंत बाद, प्रयागराज और अन्य जिलों में सुबह 6 बजे से झमाझम बारिश शुरू हो गई, लेकिन इससे पहले ही सुबह भोर 4 बजे से रुक-रुककर हो रही बारिश ने शहर को तरबतर कर दिया था। लगातार बारिश ने शहरवासियों की चिंता बढ़ा दी है।*